

# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर,शुक्रवार 6 जून 2025 ■ ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष-11 ■ वर्ष -41 ■ अंक-069 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 7 जून 2025 ■ मूल्य-1.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


## दुनिया के सबसे ऊंचे रेल पुल पर मोदी ने फहराया तिरंगा

**जम्मू,6 जून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को चिनाब रेलवे ब्रिज का उद्घाटन किया। इससे पहले उन्होंने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे ब्रिज का मुआयना किया। यह ब्रिज जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में चिनाब नदी के ऊपर बनाया गया है। इसके बाद पीएम मोदी ने अंजी ब्रिज का भी उद्घाटन किया। अंजी ब्रिज, भारत का पहला केबल रेल ब्रिज है। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कटरा-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई, जो घाटी को शेष भारत से जोड़ने वाली पहली ट्रेन है। प्रधानमंत्री ने कटरा रेलवे स्टेशन पर कटरा-श्रीनगर वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाने से पहले ट्रेन के यात्रियों और चालक दल के सदस्यों से बातचीत की।

इससे पहले, प्रधानमंत्री मोदी चिनाब नदी पर बने विश्व के सबसे ऊंचे रेलवे पुल के निकट स्थित 'व्यू प्वाइंट' पर पहुंचे और उन्हें



इस परियोजना के बारे में जानकारी दी गई जो कश्मीर को देश के बाकी हिस्सों से रेल द्वारा जोड़ने के लिए अहम है। प्रधानमंत्री ने केंद्रीय मंत्रियों अश्विनी वैष्णव, जितेंद्र सिंह और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के साथ प्रतिष्ठित पुल के पास स्थापित रेलवे संग्रहालय का दौरा किया। प्रधानमंत्री 'व्यू प्वाइंट' तक गए और उन्हें नदी से 359 मीटर की ऊंचाई पर स्थित इंजीनियरिंग के उत्कृष्ट नमूने के तौर पर चिनाब पुल के बारे में जानकारी दी गई। यह पुल पेरिस स्थित एफिल टॉवर से 35 मीटर ऊंचा है।

**इंजीनियरों-श्रमिकों से की बातचीत**-प्रधानमंत्री को संग्रहालय में इंजीनियरों और श्रमिकों के साथ बातचीत करते भी देखा गया।

### इस पुल के निर्माण में लगा है छत्तीसगढ़ का लोहा

चिनाब नदी पर बने विश्व के सबसे ऊंचे रेलवे पुल को देश को समर्पित किया है। भिलाई इस्पात संयंत्र सहित सेल के अन्य इस्पात संयंत्रों ने इस पुल के निर्माण हेतु 16,000 टन स्टील की आपूर्ति की है, जिसके अंतर्गत प्लेट्स, टीएमटी बार और स्ट्रक्चरल्स शामिल हैं। यह उपलब्धि सेल और भिलाई के लिए गर्व का विषय है। सेल के इस्पात संयंत्रों ने जम्मू-कश्मीर में निर्मित दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल में उपयोग हेतु 6690 टन टीएमटी उत्पाद, 1793 टन स्ट्रक्चरल स्टील और 7511 टन स्टील प्लेट्स, हॉट स्ट्रिप मिल प्रोडक्ट और चेकर्ड प्लेटों सहित कुल 16,000 टन इस्पात की आपूर्ति की है। पुल के निर्माण हेतु सेल द्वारा आपूर्ति की गई इस्पात में से, भिलाई इस्पात संयंत्र ने 5922 टन टीएमटी स्टील, 6454 टन प्लेट्स और 56 टन स्ट्रक्चरल स्टील सहित कुल 12,432 टन इस्पात की आपूर्ति की है।

## संक्षेप



### एलन मस्क ने की ट्रंप पर महाभियोग लाने की मांग

**वाशिंगटन,6 जून।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और टेस्ला सीईओ एलन मस्क के बीच विवाद और गहरा गया है। एलन मस्क ने डोनाल्ड ट्रंप पर महाभियोग की मांग की है। इसके साथ ही उपराष्ट्रपति जेडी वेंस को राष्ट्रपति बनाने की बात भी कही है। अमेरिका में जब राष्ट्रपति चुनाव होने वाले थे तो आपने ट्रंप और मस्क की दोस्ती देखी थी। किस तरह से हर चुनाव प्रचार में मस्क हमेशा ट्रंप के साथ रहते थे और ट्रंप भी इस बात को मानते हैं कि दोनों के अबतक के संबंध बेहद ही अच्छे रहे हैं। लेकिन ट्रंप इस बात को भी दोहरा चुके हैं कि अब उनके संबंध शायद ही पहले जैसे रह सके। ऐसे वक्त में अब एलन मस्क की एक नई डिमांड सामने आई है। उन्होंने कहा है कि जेडी वेंस को राष्ट्रपति बनना चाहिए। इसके साथ ही ट्रंप पर महाभियोग की मांग भी की गई है।

### बॉलीवुड अभिनेता डिनो मोरिया के घर ED का छापा...

**मुंबई।** मुंबई के मीठी नदी घोटाले मामले में अब अभिनेता डिनो मोरिया की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। क्योंकि अब ईडी के हाथ डिनो मोरिया तक पहुंच गए हैं। ईडी ने मीठी नदी सफाई घोटाले से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत शुक्रवार को डिनो मोरिया के घर पर भी छापेमारी की है।



सूत्रों के अनुसार छापेमारी डिनो मोरिया और उनके भाई समेत कुछ अन्य लोगों के ठिकानों पर भी की गई है। मीठी नदी घोटाले में नाम सामने आने के बाद डिनो मोरिया से ईओडब्ल्यू पहले ही दो बार पूछताछ कर चुकी है। अब ईडी की जांच की आंच भी अभिनेता तक पहुंच गई है। जानकारी के मुताबिक, यह जांच पीएमएलए के तहत की जा रही है। इस घोटाले में बीएमसी को 65 करोड़ रुपये का नुकसान होने का आरोप है।

### सोना हुआ सस्ता

**मुंबई,6 जून।** गोल्ड की कीमतों में आज भारी गिरावट देखने को मिली है। 24 कैरेट गोल्ड का रेट शुक्रवार को 805 प्रतिशत ग्राम सस्ता हो गया है। इंडियन बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की तरफ से शुक्रवार को जारी किए गए रेट के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड के लिए 97358 रुपये खर्च करने होंगे। वहीं, कल शाम को 10 ग्राम का रेट 98,163 रुपये था। चांदी का भाव प्रति किलो आज 104610 रुपये रहा है। गुरुवार की शाम को यह 104675 रुपये था। इस समय शादी-विवाह का सीजन चल रहा है। ऐसे में गोल्ड की कीमतों में कटौती से आम-आदमी को बड़ी राहत मिली है।

## जल्द नक्सलवाद का होगा खात्मा : मुख्यमंत्री साय

### दो दिन के दिल्ली प्रवास पर

रायपुर,6 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय दो दिन के दिल्ली दौरे पर हैं. दिल्ली



जाने से पहले एयरपोर्ट पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी. और बहुत ही जल्दी इस समस्या को पूरी तरह से खत्म कर दिया जाएगा. मुख्यमंत्री ने कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन में सुरक्षा बलों को लगातार सफलता मिल रही है. कल ही हमारे जवानों ने बीजापुर में हुई एक मुठभेड़ में नक्सलियों के सेंट्रल कमेटी के सदस्य सुधाकर को मार गिराया है. ये बहुत बड़ी सफलता है, वे जवानों के साहस को नमन करते हैं. मुख्यमंत्री ने बताया कि दो दिवसीय दिल्ली दौरे के दौरान प्रधानमंत्री मोदी से भी उनकी मुलाकात होगी साथ ही कई अन्य कार्यक्रम और नेताओं से भी वे भेंट करेंगे.

## धर्मांतरण सबसे बड़ी समस्या : अरविंद नेताम

रायपुर,6 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़

नेपूर्वमंत्रीय मंत्री अरविंद नेताम को सबसे बड़ी समस्या बताते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ मिलकर इसका समाधान निकालने की बात कही है. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नागपुर स्थित मुख्यालय में आयोजित प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दिग्गज आदिवासी नेता अरविंद नेताम ने धर्मांतरण को गंभीरता से नहीं लेने पर सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकारें दोषारोपण ही करती रही, आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया. आरएसएस और आदिवासी मिलकर समाधान कर सकते हैं. बता दें कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पहली बार छत्तीसगढ़ से किसी आदिवासी नेता को नागपुर मुख्यालय में व्यक्तव्य के लिए आमंत्रित किया है. इस



आमंत्रण को लेकर लल्लूराम डॉट कॉम से चर्चा में अरविंद नेताम ने कहा कि यह छत्तीसगढ़ की राजनीति और आदिवासी समाज के लिए एक ऐतिहासिक घटनाक्रम है. उन्होंने बताया कि मुझे संघ प्रमुख की ओर से बुलावा आया और मैं तीन दिनों तक संघ मुख्यालय नागपुर में रहूँगा. 3 जून को मैं नागपुर जाऊँगा. 3, 4 और 5 जून में नागपूर में रहकर संघ की गतिविधियों को करीब से देखूँगा.

## मेरा तो डिमोशन हो गया : उमर अब्दुल्ल

**जम्मू,6 जून।** पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कटरा में वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई। यह ट्रेन कटरा से श्रीनगर तक जाएगी और पहली बार कश्मीर घाटी शेष भारत से ट्रेन के माध्य से जुड़ सकेगी। वंदे भारत को हरी झंडी दिखाने से पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेल पुल का दौरा किया और वहां तिरंगा फहराया। कटरा से श्रीनगर तक चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस उधमपुर, श्रीनगर और बारामूल रेल लिंक का हिस्सा है। इस दौरान उमर अब्दुल्ला ने एक अहम सवाल उठा दिया और कहा कि मेरा तो डिमोशन हो गया है। उन्होंने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि बीते 11 सालों में



जम्मू-कश्मीर के लिए जो भी रेल प्रोजेक्ट शुरू हुए हैं, उन सभी की शुरुआत के मौके पर मैं पीएम मोदी के साथ उपस्थित रहा हूं। उन्होंने कहा कि पहला कार्यक्रम अनंतनाग रेलवे स्टेशन के उद्घाटन का था। फिर दूसरा कार्यक्रम बनिहाल टनल के उद्घाटन का हुआ।

## रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते प्रदेश में प्रभावित हो सकती है डीएपी की आपूर्ति

### राज्य सरकार कर रही है वैकल्पिक व्यवस्था

रायपुर,6जून ■ तरुण छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ सरकार ने किसानों को खरीफ सीजन में खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न प्रकार के 5.52 लाख टन रासायनिक उर्वरकों का भंडारण सुनिश्चित किया है। यह भंडारण प्रदेश की 2058 सहकारी समितियों एवं विपणन संघ के माध्यम से किया गया है, जिससे किसानों को समय पर और सुगमता से खाद उपलब्ध हो सके।

अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक के. एन. काण्डे ने बताया कि राज्य की सहकारी

### राज्य में 5.52 लाख टन रासायनिक खाद का भंडारण



समितियों में अब तक 4.62 लाख टन खाद का भंडारण किया जा चुका है, जिसमें से 2.44 लाख टन खाद का वितरण किसानों को किया जा चुका है। वर्तमान में समितियों में 2.18 लाख टन खाद उपलब्ध है, जिसमें प्रमुख रूप से 92,120 टन यूरिया, 47,451 टन सुपर फास्फेट, 19,885 टन डीएपी, 32,643 टन एन.पी.के. और 25,855 टन

### डीएपी के विकल्प के बारे में किसानों को दी जा रही जानकारी

पोटाश शामिल हैं।

रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण डीएपी खाद की आपूर्ति पर असर पड़ने की आशंका को देखते हुए, राज्य सरकार ने अग्रिम तैयारी करते हुए एन.पी.के., सुपर फास्फेट और यूरिया खाद को विकल्प के रूप में उपलब्ध कराया है। सहकारिता मंत्री केदार कश्यप के निर्देश पर कृषि विभाग द्वारा किसानों को इन विकल्पों की प्रति एकड़ उपयुक्त मात्रा के बारे में जानकारी दी जा रही है, ताकि किसान खरीफ सीजन में इसका उपयोग कर डीएपी की कमी को पूरा करते हुए बेहतर फसल उत्पादन कर सकें।

## प्रदेश में कोरोना के बढ़ रहे मामले

रायपुर,6 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़

प्रदेश में कोरोना मरीजों की संख्या बढ़ती ही जा रही है. बीते 24 घंटो में राजधानी रायपुर में फिर 5 और बिलासपुर में 4 कोरोना पॉजिटिव मरीज मिले हैं. अब तक कुल 30 मामले सामने आए, जिनमें से 6 मरीज वायरस को मात देकर डिस्चार्ज हो गए हैं. 1 मरीज आईसीयू में हैं और अन्य 23 होम-आइसोलेशन में हैं. कुल एक्टिव कोरोना मरीजों की संख्या 24 है. कोरोना मरीजों में कुछ छोटे बच्चे भी शामिल हैं. राहत की बात यह है कि कोरोना के इस लहर में एक भी मरीज की मौत नहीं हुई है. बता दें, 30 कोरोना मरीजों में से केवल 2 की ही ट्रेवल डिस्ट्री रही है. वे उड़ीसा राज्य से लौटने के बाद टेस्ट में कोरोना पॉजिटिव पाए गए. बाकी 28 मरीज अपने लोकल जगहों से इस वायरस के संक्रमण में आए हैं. यानि कोरोना वायरस हमारे इर्द-गिर्द कहीं भी भीड़-भाड़ वाले जगहों पर मौजूद हो सकता है. हालांकि कि कोरोना वायरस से हमें डरने की जरूरत नहीं है. कोरोना

### रायपुर-बिलासपुर में मिले 9 नए मरीज, एक्टिव मरीजों की संख्या हुई 24



वायरस से लड़ने के लिए देशभर के सभी नागरिकों को पहले ही टीका लगाया जा चुका है. इसलिए हमारे शरीर में इससे लड़ने की इम्युनिटी अब डेवलप हो चुकी है. लेकिन सावधानी में ही समझदारी होती है. कई अन्य बिमारीयों से ग्रसित लोगों पर कोरोना वायरस काफी घातक प्रभाव भी डाल सकता है. इसलिए सभी मास्क लगाएं, हाथ साबुन से धोएं, समय-समय पर सैनिटाइजर का उपयोग करें, साफ-सफाई से रहें ज्यादा से ज्यादा हेल्दी चीजें खाएं और एक्सरसाइज करें

## एम्स में अब न्यूक्लियर मेडिसिन से होगा कैंसर का इलाज

रायपुर,6 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़

राजधानी रायपुर स्थित एम्स प्रदेश के सबसे बड़े अस्पतालों में से है। जहां लगभग हर तरह के रोगों का इलाज किया जाता है। रायपुर का एम्स अब कैंसर जैसी बीमारियों का पता लगाने और उनका इलाज करने में और भी आगे बढ़ गया है। बता दें कि एम्स ने अपने न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग में एक खास मशीन लगाई है, जिसे आटोमेटेड रेडियो सिंथेसाइजर और गैलियम जनरेटर कहते हैं। इस नई मशीन के आने से एम्स रायपुर छत्तीसगढ़ का एकमात्र ऐसा सरकारी अस्पताल बन गया है, जहां कैंसर का पता लगाने वाले खास इंजेक्शन (जिन्हें रेडियोट्रेसर कहते हैं) खुद ही बनाए जा सकेंगे। पहले ये इंजेक्शन बाहर से मंगवाने पड़ते थे।



**मरीजों का इलाज होगा आसान**-डाक्टरों का कहना है कि ये नए इंजेक्शन बीमारियों का पता लगाने में बहुत सटीक हैं, खासकर उन बीमारियों में जो जटिल होती हैं। अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि अपनी दवाएं खुद बनाने से मरीजों को जल्दी इलाज मिल पाएगा और बाहर की कंपनियों पर निर्भरता भी कम होगी। यह नई सुविधा कैंसर के इलाज में एक नई क्रांति लाएगी, खासकर प्रोस्टेट, पेट और स्तन कैंसर में।

## आरबीआई ने रेपो रेट में की बड़ी कटौती, होम लोन धारकों को मिल सकती है बड़ी राहत

**मुंबई,6 जून।** भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो रेट में बड़ी कटौती कर दी है. आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की बैठक में फैसला लेते हुए रेपो रेट में 50 बेसिस पॉइंट की कटौती की गई है. आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने ऐलान करते हुए कहा कि बहुमत से ये फैसला लिया गया है. इस कटौती के बाद अब रेप रेट 5.50 फीसदी हो जाएगा. यह होम और आटो लोन लेने वालों के लिए बड़ी राहत है. इससे पहले फरवरी और अप्रैल में भी 25-25 बेसिस पॉइंट की कटौती की गई थी. यानी कुल मिलाकर 2025 की पहली छमाही में 100 बेसिस पॉइंट की कटौती हो चुकी है. इसके साथ ही सीआरआर यानी कैश रिजर्व रेशियो को भी 1% घटाकर 3% कर दिया गया है. इसका असर यह होगा कि बैंकों के पास अब ज्यादा पैसा उपलब्ध रहेगा और वे होम लोन जैसी सर्विस पर ब्याज दरें और घटा सकते हैं.




### ईएमआई में कितनी राहत मिलेगी?

रेपो रेट में कटौती का सीधा असर आपके होम लोन पर पड़ेगा. यदि आपके पास 50 लाख रुपये का होम लोन है, जिसकी ब्याज दर 8.5% है और अवधि 20 साल है, तो ईएमआई करीब 3,111 रुपये कम हो सकती है. यानी पहले जो आपकी ईएमआई 43,391 रुपये थी, जो अब 40,280 रुपये हो जाएगी. यानी सालाना करीब 37,000 रुपये की बचत होने वाली है. अगर आप ईएमआई को पहले जैसा रखते हैं, तो होम लोन की अवधि यानी टेन्योर 3 साल तक घट सकती है .यानी आपका लोन तीन साल पहले खत्म हो सकता है. इतना ही नहीं, ब्याज में 15.44 लाख रुपये तक की बचत हो सकती है.

### समझिए कैलकुलेशनः कितना सस्ता होगा होम लोन?

- >> अगर आपका होम लोन 50 लाख रुपये का है और टेन्योर 20 साल का है, तोः
- >> पुरानी ईएमआई (8.5% ब्याज पर): 43,391 रुपये
- >> नई ईएमआई (7.5% ब्याज पर): 40,280 रुपये
- >> मासिक बचतः 3,111 रुपये
- >> कुल ब्याज बचतः 7.47 लाख रुपये

### आरबीआई ने क्यों लिया यह फैसला?

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बताया कि महंगाई लगातार आरबीआई के 4% के टारगेट से नीचे बनी हुई है. अप्रैल में खुदरा महंगाई गिरकर 3.16% पर आ गई, जो कि 6 साल का निचला स्तर है. साथ ही, मॉनसून की अच्छी शुरुआत और ग्लोबल अनिश्चितताओं के बीच घरेलू अर्थव्यवस्था को सपोर्ट देना जरूरी था. इसी को देखते हुए रेपो रेट में बड़ी कटौती की गई है.

## होजियरी मार्केट में भीषण आग

दुर्ग,6जून ■ तरुण छत्तीसगढ़

सुपेला होजियरी मार्केट स्थित एक दुकान में आज अचानक आग लग गई. आग इतनी भीषण थी कि दुकान में रखा चप्पल जूते का रॉ मटेरियल लाखों का सामान जलकर पूरी तरह खाक हो गया. आगजनी की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीमें तत्काल मौके पर पहुंची, और 1 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. घटना की शुरुआती जांच में सामने आया कि आग दुकान में शॉर्ट सर्किट होने से लगी. दुकान संचालक ने बताया



कि दुकान में वेल्डिंग मशीन लगाकर टूटे हुए चेयर को वेल्डिंग कर रहा था. इसी दौरान वेल्डिंग मशीन चालू करने पर अंदर शॉर्ट सर्किट हुआ. इसके बाद जूता चिपकाने में इस्तेमाल होने वाले सॉल्यूशन में आग लग गई. धीरे-धीरे आग फैली, दुकान के बाहर धुआं आने लगा. वहीं जब दुकान का शटर खोला गया, तो भीषण आग का गुबार बाहर निकला.

### अमेरिका और इजरायल से जंग की तैयारी में जुटा ईरान

**नई दिल्ली,6 जून।** यह युद्ध का दौर है. दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में युद्ध लड़े जा रहे हैं और जहां युद्ध नहीं लड़े जा रहे. वहां भी ऐसे हालात पैदा हो गए हैं कि किसी भी वक्त एक नई जंग छिड़ सकती है. युद्ध की दहलीज पर बैठा एक ऐसा ही देश है ईरान. एक तरफ अमेरिका तो दूसरी तरफ इजरायल दोनों ओर से जंग की आशंका से घिरा ईरान तैयारियों में जुट गया है. इसके लिए उसने चीन से एक बड़ी डील की है.

### छत्तीसगढ़ में क्रॉफ्ट बीयर बनाने की मिली मंजूरी

**रायपुर।** राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ में क्रॉफ्ट बीयर निर्माण की अनुमति देते हुए "छत्तीसगढ़ सूक्ष्म यवासवनी नियम (माइक्रोब्रेवरी) 2025" लागू कर दिया है। इस नई नीति के तहत अब कोई भी इच्छुक व्यक्ति 25 लाख रुपये की लाइसेंस फीस जमा कर माइक्रोब्रेवरी यूनिट स्थापित कर सकता है। खास बात यह है कि यह बीयर केवल उस स्थान पर स्थित रेस्टोरेंट में गिलास में परोसी जा सकेगी, जहां इसका उत्पादन हो रहा है। बॉटल, केन या किसी भी प्रकार की पैकिंग कर बिक्री की अनुमति नहीं होगी। नई नीति के अनुसार, ब्रेवरी और उससे जुड़ा रेस्टोरेंट मिलाकर न्यूनतम 6000 वर्गफीट क्षेत्रफल होना आवश्यक है।

## एक नजर

### 3 वर्षों से फरार चोरी के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया



**जामुल, 6 जून।** जामुल थाने पुलिस ने आरोपी के खिलाफधारा 457ए 511 के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की है जामुल टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि कृष्णा नारंग निवासी खेदामारा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 28 जून 2023 की रात 1Ð30 बजे घर का दरवाजा कोई खटखटा रहा था उठकर देखने पर घर के अंदर पड़ोस का रहने वाला महेन्द्र छुपा हुआ था। प्रार्थी को देखकर दरवाजा खोलकर भाग गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जामुल पुलिस फरार आरोपी महेन्द्र सोनवानी ;40 वर्षद्ध निवासी ग्राम खेदामारा नवतरिया की तलाश जारी था। आरोपी जगह बदल.बदल कर रहता था आरोपी को शंकर नगर छावनी से पकड़कर पूछताछ करने पर प्रार्थी के घर पर चोरी करने की नियत घुसना बताया आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### बाड़ी शराब कांड का फरार आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 6 जून।** भिलाई पाटन पुलिस ने फुंडा की एक बाड़ी में मिली लाखों की शराब मामले में फरार चल रहे आरोपी शत्रुहन उर्फ सालिक पिता सुकुलाल साहू को गिरफ्तार किया मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर घटना स्थल से मध्यप्रदेश निर्मित 500 पेटी अंग्रेजी गोवा शराब जब्त की थी मामले में 3 वाहन, 9 नग मोबाइल, प्लास्टिक शीट भी जब्त किया गया था सारे सामान की कीमत 4028 लाख रुपए आंकी गई थी मामले में 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था शत्रुहन साहू फरार चल रहा था ।

### पुराना रोजगार कार्यालय से अवैध कब्जेधारियों ने स्वेच्छा से हटाए कब्जे



**भिलाई, 6 जून।** सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र की संपत्ति पर से जवाहर मार्केट, पुराने रोजगार कार्यालय परिसर में अवैध रूप से काबिज 10 व्यक्तियों द्वारा संपदा न्यायालय द्वारा पारित डिक्री के अनुपालन में 5 जून को स्वेच्छा से कब्जा हटा लिया गया। संपदा न्यायालय द्वारा पारित डिक्री के अंतर्गत विजय सोनकर, समीर खान, अब्दुल सलीम, दशरथ धृतलहरे, टीका राम साहू, साहेब लाल सोनकर, रविंद्र जायसवाल, चंदन जायसवाल, लाल बाबू तथा बचऊ सोनकर के खिलाफ निर्णय सुनाया गया था। न्यायालय द्वारा सभी अवैध कब्जाधारियों पर 1,22,000/- (एक लाख बाईस हजार रुपये) का दंड भी अधिरोपित किया गया।

# विधायक भावना बोहरा ने छात्र-छात्राओं को दिए सफलता के मंत्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 6 जून।** पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए संचालित लक्ष्य निःशुल्क कोचिंग में आज उन्होंने अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से मुलाकात कर उन्हें प्रोत्साहित किया। इस दौरान भावना बोहरा ने बच्चों के साथ अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव साझा कर उनका मार्गदर्शन किया साथ ही कोचिंग में पढ़ाई व सुविधाओं के संबंध में भी चर्चा कर मन लगाकर पढ़ाई करने की बात कही।विदित हो की पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा विधानसभा क्षेत्र के ऐसे युवा जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं परन्तु संसाधनों की कमी व परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने की वजह से वह पीछे रह जाते हैं उनके लिए सार्थक प्रयास किया जा रहा है। उनके द्वारा पंडरिया में संचालित लक्ष्य निश्शुल्क कोचिंग सेंटर में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले 220 से अधिक छात्र-छात्राओं को निःशुल्क कोचिंग की सुविधा मिल रही है। इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने सभी बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लक्ष्य निश्शुल्क कोचिंग सेंटर की स्थापना का हमारा मुख्य उद्देश्य ऐसे प्रतिभावान विद्यार्थियों जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं तथा संसाधनों की कमी होने की वजह से वे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी नहीं कर पाते हैं उन्हें प्रोत्साहित करना है और उन्हें भी बेहतर शिक्षा प्रदान करना है ताकि वे अपने सपनों को पूरा कर सकें। इन युवाओं के ऊपर ही हमारे देश व प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य की नींव टिकी हुई है इसलिए उन्हें बेहतर शिक्षा मिल सके इसके लिए हम सभी का संयुक्त प्रयास आवश्यक है। संसाधनों की कमी की वजह से कोई भी बच्च शिक्षा ग्रहण करने से वंचित न रहे इसके लिए हम निरंतर प्रयास कर रहें हैं और आगे भी हमारा प्रयास जारी रहेगा। हमें खुशी है कि आज लगभग 200 से अधिक बच्चों को हमारे इस प्रयास से लाभ मिल रहा है, इससे कहीं न कहीं उनके परिजनों को भी आर्थिक व मानसिक संबल मिल रहा है।भावना बोहरा ने कहा की हमारा लक्ष्य है कि हमारे पंडरिया विधानसभा का कोई भी युवा शिक्षा के क्षेत्र में पीछे न रहें। उन्हें बेहतर शिक्षा और सुविधा मिल सके तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु साधन व संसाधन की कमी उन्हें अपने सपनों को पूरा करने में कोई अवरोध न बन सके इसके लिए हम कृतसंकल्पित हैं। हमारे युवाओं को बेहतर शिक्षा, मार्गदर्शन और एक मंच देना चाहते हैं जिसके माध्यम से वे सही राह पर चल सकें, विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां अर्जित कर अपने समाज, माता-पिता, क्षेत्र और हम सभी का नाम रोशन कर सके। अपने लिए एक बेहतर भविष्य सुनिश्चित कर सके एवं आर्थिक व संसाधनों के अभाव में पीछे न रह सकें।

# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में गावों का हो रहा समुचित विकास:मनिराम साहू



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,6 जून।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा जिले के ग्रामीण अंचलों में मूलभूत सुविधाओं में बढ़ोत्तरी करने और ग्रामीणों की मांग व आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए लगातार विकास एवं निर्माण कार्यो की स्वीकृति प्रदान की जा रही है। इस कड़ी में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से ग्राम पंचायत सारंगपुर कला में ग्राम सारंगपुर कला में तलाब गहरीकरण के लिए 3.00 लाख रूपए, सीसी रोड निर्माण के लिए 3.00 लाख रूपए, नाली निर्माण के लिए 3.00 लाख रूपए, बाऊड्रीवॉल निर्माण के लिए 5.00 लाख रूपए तथा ग्राम पोड़ी में तालाब गहरीकरण के लिए 3.00 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की है। कुल 17.00 रूपए के इन सभी विकास एवं निर्माण कार्यो का गुरूवार को जिला पंचायत सभापति श्रीमती पूर्णिमा साहू के प्रतिनिधि एवं भाजयुमो के जिलाध्यक्ष मनिराम साहू की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष नंद श्रीवास, जिला भाजपा उपाध्यक्ष बरसाती वर्मा, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष गोकुल चन्द्रवंशी, बलदाऊ चन्द्रवंशी, मंडल महामंत्री राजेश साहू, जनपद सदस्य प्रतिनिधि छोटूराम चन्द्रवंशी, रामबिलास चन्द्रवंशी, खिलेश्वर साहू, जयराम साहू, सरपंच प्रतिनिधि मोतीराम साहू, राजेश चन्द्रवंशी सरपंच सारंगपुर कला साथ बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता पदाधिकारी तथा ग्रामीणजन उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए मनिराम साहू ने कहा कि कहा कि कांग्रेस शासनकाल में जिले के ग्रामीण अंचलों का विकास पूरी तरह से थम चुका था। स्थिति ये थी कि ग्रामीणों की लाख मांग और अर्जी विनती के बाद भी मूलभूत सुविधाओं से जुड़े विकास कार्यो तक की स्वीकृति नहीं दी जा रही थी।

### जनप्रतिनिधियों ने पौधे लगाए



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जामुल, 6 जून।** नगर पालिका परिषद जामुल के तत्वाधान में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत वृक्षारोपण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जिसमें वार्ड 18 सुरडुंग मोड़ पर नगर पालिका परिषद जामुल के अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर के नेतृत्व में सभी जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न प्रकार के पेड़ लगाये एवं उन्हे समय समय पर खाद पानी एवं सुरक्षा देने का संकल्प लिया । कार्यक्रम में नपा उपाध्यक्ष सुनिता चन्नेवार, पार्षदगण सबीहा खान, खम्हन ठाकुर, रेखराम बंछोर, सरोजनी चंद्राकर, दीपक गुप्ता, संजय देशलहरा, अश्वनी साहू, निशा चन्नेवार, सीमा यादव, रामप्यारी वर्मा, कविता विश्वाल, रामदुलार साहू, के. राजू, चुम्मन वर्मा, दुर्गा वैष्णव, तिलेश्वर देवांगन, अहिल्या वर्मा, शांति टंडन, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बख्शी, राजस्व प्रभारी हरीश साहू, राजस्व उपनिरीक्षक हीम्मत मण्डावी, समयपाल वेदांत वर्मा, सफाई प्रभारी बशीर खान, रमेश मारकण्डे, तुकेश सेन उपस्थित थे ।

### रामकिंकर वर्मा ने जैविक खेती और पौधा संरक्षण का संदेश दिया



**कवर्धा, 6 जून।** 05/06/25 को ग्राम पंचायत खंडसरा में विकसित कृषि संकल्प अभियान में उपस्थित बोड़ला जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बालका रामकिंकर वर्मा , पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशी राम धुर्वे , पूर्व जनपद सदस्य नरेश चंद्रवंशी , सरपंच भरत धुर्वे , कृषि विभाग , मत्स्य विभाग,पसू विभाग, प्रधानमंत्री सम्मान निधि विभाग , ग्राम पंचायत खंडसरा के सभी पंच एवं ग्राम पंचायत के किसान भाई इस अभियान में उपस्थित होकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं कृषि मंत्री शिवराज जी चौहान के चलाए जा रहे कि इस प्रधानमंत्री सम्मान निधि अभियान में रसायनिक खेती को कम कर जैविक खेती को अपनाने कि सलाह दीया गया तथा मोदी जी के हर योजना के बारे में किसान भाइयों को जानकारी दी गई एवं विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत भवन एवं पूर्व माध्यमिक शाला स्कूल में पौधारोपण किया गया जिसमें जनप्रतिनिधि , कृषि विभाग के सभी अधिकारी, कृषक मित्र, ग्राम के सरपंच पंच, सचिव,रोजगार सहायक एवं ग्रामवासी के सभी किसान भाई उपस्थित रहे। बोड़ला जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि रामकिंकर वर्मा ने कहा की सीएम विष्णुदेव साय और डिप्टी सीएम विजय शर्मा के मार्गदर्शन में बोड़ला विकासखंड में विकास की तस्वीर दिख रही है और शासन की योजनाओं का लाभ अच्छे से द्वार तक पहुंच रही है । बोड़ला जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि रामकिंकर वर्मा ने पौधारोपण पर चर्चा करते हुए कहा की प्रत्येक व्यक्ति को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और पौधे का ख्याल परिवार की तरह रखना चाहिए क्योंकि पौधा है तो जीवन है ।

# जोन-3 के अधिकतर शौचालयों में केयरटेकर नहीं,कमिश्नर से शिकायत



**भिलाई, 6 जून।** नगर निगम भिलाई के जोन-3 के अधिकांश सुलभ शौचालयों में केयर टेकर की उपस्थिति नहीं है जिससे समस्याएं बढ़ रही । जानकारी के अनुसार स्वच्छता श्रृंगार योजना में सार्वजनिक सुलभ शौचालय में केयर टेकर रखना अनिवार्य होता है। साथ-ही-साथ वहां पर अन्य सामग्री भी रखने के दिशा निर्देश दिए रहते हैं ताकि आम जनता को सुविधाएं मिल सकें। केयर टेकर इसलिए रखा जाता हैं ताकि शौचालय की देखभाल ठीक तरह से हो सके लेकिन इस नियम की धज्जियां साफ-साफ उड़ती दिखाई पड़ रही हैं। केयरटेकर न होने के कारण असामाजिक तत्वों के द्वारा सुलभ शौचालय का नशे इत्यादि के लिए उपयोग किया जा रहा हैं। इसके अलावा वहां पर टॉवेल, डब्बा आदि रखना अनिवार्य होता हैं किन्तु किसी भी सुलभ में कोई सुविधा का इंतजाम नहीं किया गया है जो कि आश्चर्य का विषय है। स्थानीय महिला समितियां को संचालन करने हेतु दिया जाता है तथा वहां पर केयर टेकर का रूम बना रहता है जिसमें 24 घंटे केयर टेकर को रहना है किंतु शर्तों की जानबूझ कर अनदेखी करते हुए अधिकांश जगहों पर केयर टेकर रूम में ताला लटका हुआ है। वार्ड -33, बैकुंठधाम, हुड़को क्वार्टर तथा वार्ड - 31 एकता चौक, दस बिस्तर हॉस्पिटल,वार्ड - 34 मिलन चौक, जेपी चौक शासकीय स्कूल इत्यादि जगहों पर सार्वजनिक सुलभ शौचालय में केयर टेकर दिखते नहीं हैं और हमेशा ताला लगा रहता है। ऐसे में निगम प्रशासन को हर महीने लाखों रुपए का नुकसान हो रहा है जो की जनता का पैसा है। स्थानीय निवासी महेंद्र कुमार और सुदेश से चर्चा की तो उन्होने बताया कि यहां पर साफ़ सफाई नहीं होती है और केयरटेकर भी नहीं हैं जिसके कारण नशेबाजों का अड्डा बना हुआ है इसके बारे में निगम अधिकारियों को बता दिया गया है परंतु वे कुछ नहीं कर रहे हैं जो कि मिलीभगत की ओर इशारा कर रहा हैं। आखिर में थक-हार कर लोगों ने लिखित में शिकायत निगम आयुक्त से की है।

### ग्राम औंसर में पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**उतई, 6 जून।** विश्व पर्यावरण दिवस पर आज ग्राम पंचायत औंसर में एक पेड़ मां के नाम थीम पर वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर सरपंच प्रियालता महिपाल ने सभी लोगों को अधिक से अधिक पेड़ लगाकर गाँव को हरा भरा बनाने का आव्हान किया तथा जो व्यक्ति सर्वाधिक पेड़ लगा कर पेड़ का संरक्षण करेगा उसे पंचायत द्वारा सम्मानित करने की घोषणा की, साथ ही बताया कि आने वाले दिनों में गाँव में वृहद संख्या में वृक्षारोपण किया जाएगा।इस अवसर पर ग्राम पंचायत औंसर के सरपंच प्रियालता महिपाल ,सक्रिय महिला जागेश्वरी वर्मा, पिंगला भास्कर, उत्तरा ठाकुर, कुंती धनकर,अंजलि वर्मा, शशि महिपाल, ललिता वर्मा, सुनिता भारती, रेशम ,मंजू ठाकुर, गजेंद्र भारती, शिक्षक अकेश्वर महिपाल,विकास ठाकुर, विदेशी राम चतुर्वेदी, प्रीतम भारती, सुरेश भारती, लछ्नु महिपाल, गौकरण महिपाल ,कुमारू राम बंजारे आदि ग्रामीणजन ने सहभागिता प्रदान किया।

# राजहरा माइंस अस्पताल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



भिलाई, 6 जून। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के राजहरा माइंस हॉस्पिटल में निःशुल्क व्यापक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। टीम का नेतृत्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कौशलेन्द्र ठाकुर ने किया। शिविर में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रमोद बिनायके, डॉ. प्रमोद राय, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. कुमुदिनी तिग्गा, डॉ. नूतन वर्मा, डॉ. इमैनुएल मैसी, डॉ. धीरज शर्मा, डॉ. पलाश तिवारी, डॉ. श्वेता वर्मा, डॉ. दिव्या पी तेजस्वनी, डॉ. शशांक अग्रवाल, श्रीमती शशि सिंह, श्रीमती श्वेता शर्मा, डीएनबी डॉ. अभिषेक, डीएनबी डॉ. प्राची, सुश्री प्रतिभा, प्रिंस सहित जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र, भिलाई के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान की। शिविर का आयोजन कार्यपालक निदेशक डॉ एम रविन्द्रनाथ के मार्गदर्शन में और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विनीता द्विवेदी, डॉ कौशलेंद्र ठाकुर, डॉ सौरव मुखर्जी, डॉ उदय कुमार तथा राजहरा माइंस के मुख्य महाप्रबंधक आर बी गहरवार, वरिष्ठ परामर्शदाता एवं प्रभारी डॉ मनोज डहरवाल, कार्मिक अधिकारी तुषार राय चौधरी सहित राजहरा माइंस अस्पताल के कर्मचारियों ने भी स्वास्थ्य शिविर के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# डिस्पोजल प्लास्टिक सामान का बंद करें उपयोग:ललित



**रिसाली,6 जून।** प्लास्टिक से बने डिस्पोजल सामानों का उपयोग बंद करने दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने आम लोगों से आह्वान किया। वे विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर पालिक निगम रिसाली के पौधरोपण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने लक्ष्मी नगर वार्ड 29 के उद्यान में पौधे लगाए। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ने कहा कि सील बंद पानी बोतल और कई तरह के खाद्य सामग्री वाले पाउच का उपयोग पूर्ण रूप से बंद करना चाहिए। उन्होंने निगम आयुक्त मोनिका वर्मा से कहा कि वे कोशिश करें कि किसी भी आयोजन या बैठकों में गिलास से पानी पिलाने की व्यवस्था करें । इससे लोगों की सोच बदलेगी। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने उद्यान में फलदार पौध का रोपण किया। उद्घाटन में 40 से भी अधिक पौध रोपण किया गया। कार्यक्रम में सभापति केशव बंछोर, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, एमआईसी सनीर साहू, पार्षद विलास बोरकर, विधि यादव, धर्मेन्द्र भगत, ईश्वरी साहू, गजेन्द्री कोठारी, ममता सिन्हा, सरिता देवांगन, मण्डल अध्यक्ष राजू जंघेल, अनुपम साहू समेत गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। विधायक ललित ने पृथ्वी को हरा भरा करने और प्राकृतिक पर्यावरण को संरक्षित करने का संकल्प दिलाया।

### सखी वन स्टॉप सेंटर में विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए 13 जून तक करें आवेदन

**दुर्ग, 6 जून।** मिशन शक्ति के दिशा निर्देशों के अंतर्गत सखी वन स्टॉप सेंटर में सेवा प्रदाताओं के कुल 06 रिक्त पदों जिसमें पैरालीगल कार्मिक-वकील 01 पद, पैरा मेडिकल कार्मिक 01 पद, बहुउद्देशीय कर्मचारी-रसोईया 01 पद एवं सुरक्षा गार्ड-नाईट गार्ड के 03 पद शामिल हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से होने वाले इस भर्ती प्रक्रिया के लिए आवेदन 04 जून 2025 से शुरू हो चुकी है। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी 13 जून 2025 तक कार्यालयीन समय (प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक) के भीतर अपने आवेदन पत्र पंजीकृत डाक/सकते हैं।

### चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कपड़े के थैले का उपयोग करने का संदेश दिया



**कवर्धा, 6 जून।** सुबह सुबह कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष ने बेहतर स्वच्छता और सुंदर पर्यावरण पर चर्चा करते हुए लोगों से विनम्र अपील की कपड़े का थैला में समान खरीदे और साथ ही पॉलीथिन थैला मुक्त और कपड़े का थैला युक्त अभियान का संदेश देते हुए कहा की दुकानदार भी प्लास्टिक का थैला का प्रयोग कम से कम करे और दुकानदार भी कपड़े का थैला में ग्राहकों को सामान दे जिससे की पर्यावरण सुंदर ओर शहर स्वच्छ रहेगी ।

# पीएम आवास निर्माण में लापरवाही के चलते एजेंसी को नगर निगम ने किया ब्लैक लिस्ट



**भिलाई, 6 जून।** नगर पालिक निगम भिलाई में पीएम आवास योजना अंतर्गत एएचपी घटक में आवास निर्माण एवं बाह्य विकास कार्य हेतु मेसर्स चंद्र निर्माण प्राइवेट लिमिटेड को 894 एवं 1120 युनिट प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत मकान बनाने के लिए कार्य आदेश प्रदान किया गया था। एजेंसी द्वारा 3 माह विलम्ब से कार्य प्रारंभ किया गया। एजेंसी को शर्त अनुसार निरंतर राशि का भुगतान किया जाता रहा है। उसके द्वारा मकान निर्माण का कार्य समय अवधि में नहीं किया गया। जिसके कारण प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों द्वारा किश्त की पूर्ण राशि जमा करने के बाद भी मकान निर्धारित समय पर नहीं प्रदान किया जा सका। 420 मकानों में ग्रिल, विंडो, दरवाजा, टाईल्स, बिजली, पानी, फिटिंग, पैनल, टैब कनेक्शन, किचन फिटिंग, सैनेटरी फिटिंग आदि नहीं किया गया है। जिससे मकान निवास करने योग्य नहीं बन पाया है। कार्य समय अवधि में पूर्ण करने हेतु समय-समय पर निरंतर पत्र द्वारा सूचित किया जाता रहा। फिर भी एजेंसी द्वारा समय पर कार्य पूर्ण नहीं किया गया। निगम कार्यालय द्वारा एजेंसी को दिये गये 18 नोटिस को अनदेखा करते हुए निर्देशों का पालन नहीं किया गया और आज दिनांक तक कार्य अपूर्ण है। एजेंसी द्वारा केवल 40 हितग्राहियों को मकान पूर्ण करके दिया गया है। दिनांक 15.04.2025 के पश्चात भी कोई मजदूर या मशीनरी कार्य लगाकर एजेंसी द्वारा ठीक ढंग से नहीं किया जा रहा है। समय पर मकान पूर्ण करके नहीं देना छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देशो का स्पष्ट उल्लघंन पाया गया। एजेंसी द्वारा उपरोक्त कार्य को पूर्ण करने में रूचि नहीं लेना घोर लापरवाही दर्शित होता है। मेसर्स चंद्र निर्माण प्राईवेट लिमिटेड के मध्य कंडिका क्रं. 1.15 के अनुसार समस्त कार्य आदेश को निरस्त कर दिया गया है। अनुबंध अनुसार निविदाकार द्वारा जमा की गई एवं सुरक्षित राशि राजसात करते हुए नगर पालिक निगम भिलाई के समस्त निविदाओं में भाग लेने से वंचित कर दिया गया है।

### पीएम आवास:राशि जमा नहीं करने पर पांच लोगों का पीएम आवास निरस्त

**दुर्ग,6 जून।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत प्रतीक्षारत 170 हितग्राहियो के लिए प्रधानमंत्री अवास योजना के कार्यालय में नोटिस चस्पा किया गया था। इसके अलावा समाचार पत्र के माध्यम से भी 3 दिन की सम्यावधी दी गई थी।जो अब समाप्त हो चुका है उसके पश्चात् भी किसी हितग्राही द्वारा राशि जमा नही किया गया ! ऐसी स्थिति में नये सिरे से पोटियाकला में निरस्त किये गए 5 आवास हेतु फॉर्म भरा कर आवास आबाँटन किया जायेगा आवास का फॉर्म लेने हेतु डाटा सेंटर के प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।ध्यान रहे कि नये भरे जाने वाले 5 आवासो हेतु फॉर्म के साथ 3 दिवस के भीतर सम्पूर्ण राशि जमा करने वालो को ही आवास आबंटन किया जायेगा,3 दिवस पश्चात् प्राप्त आवेदन पर कोई कार्यवाही नही की जाएगी। पात्रता हेतु वांछित दस्तावेज 2015 के पूर्व का आधार कार्ड,राशन कार्ड, बैंक पासबुक, आय प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाडित निवासी प्रमाण पत्र होना आवश्यक है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर 31 स्थानों पर लगाए गए हजारों पौधे



**भिलाई, 6 जून।** विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर निगम भिलाई क्षेत्र के सभी जोनों में अलग-अलग स्थानों पर स्थानीय वार्ड पार्षद, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ता, पर्यावरण मित्र, स्थानीय नागरिकों के सहयोग से वृक्षारोपण किया गया। उद्यान विभाग द्वारा प्रमुख रूप से कार्यक्रम वार्ड क्रं. 01 खम्हरिया अमृत उद्यान में आयोजित किया गया। जिसमें महापौर नीरज पाल, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, एमआईसी सदस्य सीजू एन्थोनी, संदीप निरंकारी, भिलाई भाजपा अध्यक्ष पुरूषोत्तम देवांगन, अधीक्षण अभियंता अजीत कुमार तिग्गा, जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, कार्यपालन अभियंता वेशराम सिन्हा, उद्यान अधिकारी तिलेश्वर कुमार साहू द्वारा वृक्षारोपण किया गया। वृक्ष जो लगाए गए अमलताश, गुलमोहर, मॉलश्री, कचनार, कदम्ब, बादाम, आम, अमरूद, कटहल, पीपल, नीम, करंज, जामुन आदि 3 से 4 फूट के है, जो बारिश के समय जल्द ही बड़े हो जायेगें। महापौर नीरज पाल ने बताया कि वृक्ष लगाने से ज्यादा जरूरी है, हम सब स्थानीय नागरिकों एवं उद्यान विभाग द्वारा इसे जीवित रखा जावे। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने उद्यान अधिकारी को निर्देशित किए कि प्रारंभिक अवस्था में ट्री-गार्ड लगाकर इसकी सिंचाई निरंतर होता रहना चाहिए। हम लोग एक पेड़ मां के नाम लगाए है, इसको देखने भी आयेगें। इसको सुरक्षित रखना उद्यान विभाग की जिम्मेदारी है।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर आदर्श गौठान पाटन में किया गया पौधारोपण



**उतई, 6 जून।** विश्व पर्यावरण के अवसर पर नगर पंचायत पाटन के आदर्श गौठान अटारी पाटन में वृक्षारोपण कर पेड़ लगाया गया इस अवसर पर अध्यक्ष योगेश निक्की भाले ने एक पेड़ माँ के नाम से पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया वृक्षारोपण कार्यक्रम में उपाध्यक्ष निशा योगेश सोनी,सभापति केवल देवांगन,देवेन्द्र ठाकुर,नेहा बाबा वर्मा,पार्षद चंद्रप्रकाश देवांगन,मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमन्त वर्मा,इंजीनियर अर्जुन निर्मल सहित कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### एनसीसी कैडेटों ने ली नो प्लास्टिक की शपथ



**भिलाई, 6 जून।** एनसीसी कैडेटों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर कल्याण महाविद्यालय परिसर में फलदार व छायादार वृक्ष के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी अपने-अपने निवास स्थान व उसके आसपास एक पेड़ मां के नाम का पौधा रोपण किया। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ0 विनय शर्मा ने कैडेटों को प्रोत्साहित किया। प्रोफेसर डॉ0 एच0 पी0 सिंह सलूजा, डॉ0 अनिल पांडेय डॉ0 प्रदीप जांगड़े, प्राचार्य डॉ0 विनय शर्मा, एनसीसी अधिकारी ले0 डॉ0 हरीश कुमार कश्यप व डॉ0 रविश सोनी ने भी एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अनिर्बन चौधरी के साथ मिलकर वृक्षारोपण किया।

## संपादकीय

# नई स्थानांतरण नीति से मिलेगी राहत

साय सरकार बनने के बाद से राज्य के शासकीय कर्मचारी इंतजार कर रहे थे कि सरकार नई स्थानांतरण नीति कब बनाएगी और राज्य के कर्मचारियों का तबादला एक जगह से दूसरी जगह कब होना शुरू होगा।साय सरकार ने नई स्थानांतरण नीति बना दी है और उस पर अमल भी छह जून से शुरू कर दिया जाएगा। स्थानांतरण के आवेदन ६ से १३ जून तक किया जा सकेगा। जिला स्तर पर स्थानांतरण १४ जून से शुरू हो जाएगा और २५ जून तक चलेगा।जिला स्तर पर तबादला के लिए जिले के प्रभारी मंत्री मंजूरी देंगे और प्रदेशस्तर के तबादला के लिए विभाग के मंत्री मंजूरी देंगे। कैबिनेट की बैठक में तबादला नीति के साथ ही नौ प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई है। तबादला नीति को देखने से ही पता चलता है, इसमें कर्मचारियों की सुविधा का ख्याल रखा गया है। सीएम साय के पास शिक्षा विभाग है, वह राज्य के हर वर्ग लोगों के सुख दुख, परेशानी के प्रति जितने संवेदनशील है, अपने शिक्षा विभाग के प्रति भी उन्होंने खूब संवेदनशीलता दिखाई है।नई तबादला नीति में यह संवेदनशीलता दिखाई देती है। नई नीति के मुताबिक कर्मचारी का तबादला कम से कम दो साल की सेवा के बाद ही किया जा सकेगा, इससे कम से कम कर्मचारी व अधिकारी एक जगह दो साल तक काम तो कर सकेंगे।इससे कर्मचारी दो साल निश्चिंत होकर काम तो कर सकता है।उसे इस बात का डर तो नहीं रहेगा कि अधिकारी नाराज हो गया है तो उसका तबादला एक साल में ही करा देगा। दो साल बाद तबादला की नीति तो है लेकिन यह लचीली है यानी इस नीति के कारण किसी को तकलीफ न हो इसका भी सीएम व शिक्षामंत्री ने ख्याल रखा है।यदि कोई गंभीर रूप से बीमार है तो उसके लिए दो साल की सेवा अनिवार्य नहीं है,इसी तरह यदि कोई शारीरिक रूप से अक्षम है तो उसको भी दो साल से पहले तबादले की छूट होगी।यदि कोई एक साल बाद रिटायर हो रहा है तो उसको तबादला नहीं किया जाएगा।अनुसूचित क्षेत्रों में तबादला तब हो सकेगा जब उसकी जगह कोई आने को तैयार होगा यानी अनुसूचित क्षेत्र तबादला तब तक नहीं होगा जब तक उसकी जगह कोई उसी वक्त आने के नहीं मिल जाता है। अनुसूचित क्षेत्र से कोई तबादला चाहता है तो उसको अपनी जगह के लिए एक कर्मचारी तलाशना होगा। इससे अनुसूचित क्षेत्र में काम करने वालों की कमी नहीं होगी और क्षेत्र का काम भी प्रभावित नहीं होगा। होता यह है कि अनुसूचित क्षेत्र से लोग तबादला तो चाहते हैं लेकिन वहां कोई जाना नहीं चाहता है।नई नीति के मुताबिक सुकमा,बीजापुर, नारायणपुर जैसे जिलों में रिक्त पदों को भरने के लिए विशेष प्रयास किया जाएगा यानी सरकार ऐसे जिलों में जहां पद रिक्त होने के बाद लोग जाना नहीं चाहते है, इससे पद लंबे समय तक रिक्त रहता है। नई नीति में सरकार ऐसे पदों को भरने के लिए विशेष प्रयास करेगी। इस विशेष प्रयास का क्या परिणाम होता है आने वाले दिनों में साफ हो जाएगा। सरकार ने तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों का तबादला कुल कर्मचारियों का १० से १५ प्रतिशत फिक्स कर दिया है। इससे इस वर्ग के ज्यादा कर्मचारियों का तबादला एक बार में नहीं हो सकेगा।यह प्रतिशत इतना कम है कि इससे कहीं भी काम सुचारु रूप से चलता रहेगा. काम प्रभावित नहीं होगा।सरकारी नौकरी में पति एक जगह तो पत्नी दूसरी जगह नौकरी करती है तो दोनों को बहुत परेशानी होती है, बच्चों को भी परेशानी होती है, इसलिए सरकार का यह नीति कि पत्नी व पत्नी की पदस्थापना एक ही जगह होगी। यानी जहां पति है, वही पत्नी की पदस्थापना हो सकेगी।इससे उनका गृहस्थ जीवन सुखी रहेगा। बच्चों को माता पिता दोनों का प्यार मिल सकेगा। नई तबादला नीति में सरकार ने ग्रामीण-शहरी संतुलन सहित पारदर्शिता का ख्याल रखा है,स्थानांतरण के सभी आदेश ई-आफिस से जारी होंगे इससे अधिकारी स्तर पर जो भ्रष्टाचार होता है,उस पर रोक लगेगी।भ्रष्टाचार रोकने के लिए ही यह व्यवस्था भी की गई है कि जिला स्तर पर निर्धारित समयावधि में तबादला आदेश जारी कर उसी तिथि में आदेश की प्रति सामान्य प्रशासन विभाग को भेजने कहा गया है। साय सरकार ने शिक्षा विभाग में होने वाले भ्रष्टाचार पर रोक लगाने का प्रयास किया है।शिक्षा विभाग में सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार तबादला व पोस्टिंग में होता है। जब तक शिक्षा विभाग सीएम के पास है, इसमें भ्रष्टाचार होने की उम्मीद कम है। लेकिन हर पार्टी के नेता कार्यकर्ता तबादला,पोस्टिंग में कमाने का रास्ता ढूंढ ही लेते हैं।पिछली सरकार में स्कूल शिक्षा मंत्री ड़ा.प्रेमसाय सिंह तबादला व पोस्टिंग के चलते बदनाम हुए थे और इस्तीफा देना पड़ा था।सीएम साय ने अपने एक साल के कार्यकाल में भ्रष्टाचार के प्रति जो सख्ती दिखाई है, उससे ऐसा नहीं लगता है कि ट्रांसफर पोस्टिग को लेकर जो खेल चल रहा था, वह पहले की तरह चल सकेगा।

## चर्चित मुद्दा

# जीत के जश्न में यमराज की एंट्री से हाहाकार

**मनोज कुमार अग्रवाल**



आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की ऐतिहासिक जीत के जश्न में अचानक यमराज की एन्ट्री से रंग में भंग हो गया है। रायल चैलेंजर की जीत के जश्न के दौरान बेंगलुरु में भगदड़ से 11 फैन्स की जान चली गई. इस पूरे मामले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और कर्नाटक सरकार ने पल्ला झाड़ लिया था. लेकिन अब इस मामले में कर्नाटक हाईकोर्ट ने एक्शन लिया है. इस दर्दनाक घटना पर कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए कर्नाटक हाईकोर्ट गुरुवार (5 जून) को RCB के व!क्ट्री परेड के दौरान हुई भगदड़ से जुड़े मामले की सुनवाई कर रहे हैं . यह मामला कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश वी. कामेश्वर राव और न्यायमूर्ति सी.एम. जोशी की पीठ के समक्ष उठाया गया है.हाई कोर्ट ने जहां इस मामले में सरकार ने रिपोर्ट मांगी है तो वहीं उच्च न्यायालय में सुनवाई के दौरान सरकार का झूठ भी पकड़ा गया। कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने दावा किया था कि कार्यक्रम की सुरक्षा के लिए 5000 पुलिसकर्मी तैनात थे। कर्नाटक सरकार ने कोर्ट में बताया कि आरसीबी के आईपीएल समारोह के दौरान 1,000 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे। सरकार ने कोर्ट में बताया कि आरसीबी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। जीत के जश्न का भयावह हादसे में बदलना काफी कष्टदायक और रूह कंपाने वाली काफी दुःखद घटना है, क्योंकि चिकनास्वामी स्टेडियम में मचे भगदड़ में 11 से ज्यादा लोगों की जान चली गयी है और कई लोग घायल हुए हैं। क्रिकेट के प्रशंसक अपनी टीम की खुशी में शामिल होने के लिए पहुंचे थे, मगर इसमें से कुछ के परिवारों को ऐसी कष्ट और पीड़ा मिली है, जिसको वे जीवन भर नहीं भूल सकते हैं। दरअसल आईपीएल में पहली बार चैंपियन बनी आरसीबी की टीम की जीत की खुशी में जश्न का आयोजन किया गया। जैसे ही आरसीबी की जीत का जश्न मनाने के लिए विक्ट्री परेड की घोषणा हुई, उसके बाद लाखों की संख्या में प्रशंसक चिकनास्वामी स्टेडियम के बाहर एकत्रित हो गए। जानकारी अनुसार भगदड़ तब मची, जब हजारों प्रशंसक विभिन्न द्वारों से जल्दबाजी में स्टेडियम में प्रवेश करने का प्रयास कर रहे थे। हालांकि बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की मौजूदगी के बावजूद वे भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए संघर्ष कर रहे थे। खबर यह भी है कि भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस के द्वारा लाठी चार्ज किया गया, जिससे भगदड़ मची। खबरों के अनुसार भीड़ काफी ज्यादा थी। अनुमान है कि करीब 3 लाख लोग इस जश्न में शामिल होने पहुंचे थे, जबकि स्टेडियम की कुल क्षमता सिर्फ 40,000 लोगों की है। देखा जाए तो ऐसे कार्यक्रम में भीड़ का उमड़ना स्वाभाविक ही है, क्योंकि अपने देश में क्रिकेट के प्रति दीवानगी किसी से नहीं छिपी नहीं है। हर उम्र के लोगों में क्रिकेट और क्रिकेटरों के लिए जैसी दीवानगी देखी जाती है, वैसी किसी और खेल और खिलाड़ियों के लिए मुश्किल है। अगर बात विराट कोहली की हो तो उनके चाहने वाले किसी भी हद तक गुजरने के लिए तैयार हो जाते हैं। आईपीएल में मिली इस जीत से कोहली के प्रशंसकों की खुशी चरम पर है, ऐसे में भीड़ का उमड़ना स्वाभाविक ही था। ऐसे में भगदड़ के इस पूरे मामले पर भीड़ नियंत्रण, आयोजन की तैयारियों और सुरक्षा इंतजामों को लेकर गंभीर सवाल उठने लाजमी है। कर्नाटक सरकार को पता होना चाहिए था कि ऐसे आयोजनों में क्रिकेट प्रेमियों की भारी भीड़ उमड़ेगी, ऐसे में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुख्ता इंतजाम करने की जरूरत थी। देखा जाए तो अपने देश में भगदड़ एक प्रासदी बन चुकी है, बाहे वो धार्मिक आयोजन हो या फिर कई अन्य कार्यक्रम, भगदड़ में लोगों की मौतों की खबरें आती ही रहती हैं।

भगदड़ की ये घटनाएं बदइंतजामी का ही नतीजा है। भगदड़ की इन घटनाओं से शासन प्रशासन को सबक लेने की जरूरत होती है। किसी भी हादसे का सबसे बड़ा सबक यह होना चाहिए कि ऐसे उपाय किए जाएं, ताकि दोबारा उसी तरह के हालात पैदा न हों। मगर धार्मिक स्थलों पर या ऐसे आयोजनों में जमा होने वाली भीड़ और उसके प्रबंधन को लेकर अक्सर इस हद तक लापरवाही बरती जाती है कि बार-बार भगदड़ की वजह से लोगों की जान जाने की घटनाएं सामने आ रही हैं। चिनास्वामी स्टेडियम में हादसा भी बदइंतजामी का नतीजा है। यह आमतौर पर देखा गया है कि किसी खास आयोजन की तैयारी तो कर ली जाती है, लेकिन भीड़ नियंत्रण और प्रबंधन के उपाय पहले से नहीं किए जाते। भारत सबसे बड़ी आबादी वाला देश है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं होना चाहिए कि यहां के लोग भीड़ वाले स्थानों में बदइंतजामी के कारण रह-रहकर मरते रहें। देखा जाए जब भी कहीं भीड़ भरे स्थलों में कोई हादसा होता है और उसमें लोग मारे जाते हैं तो घटना की जांच करने-कराने वालों से यही सुनने को मिलता है कि इस पर भी ध्यान दिया जाएगा कि भविष्य में इस तरह के हादसों को कैसे रोका जाए? ऐसा केवल सुनने को ही मिलता है, क्योंकि बार-बार वैसे ही हादसे होते रहते हैं, जैसे पहले हो चुके होते हैं। एक ऐसे समय जब देश को विकसित राष्ट्र बनाने की बातों के साथ इसके लिए प्रयत्न भी हो रहे हैं, तब फिर सार्वजनिक स्थलों में भीड़ नियंत्रण के उपाय प्राथमिकता के आधार पर किए जाने चाहिए। हमारे नीति-नियंता इन उपायों से बात नहीं और सच तो यह है कि भीड़ नियंत्रण के नियम-कानून भी बने हुए हैं, लेकिन उनका पालन मुश्किल से होता है। अपने यहां नियम-कानूनों के बंधन की प्रवृत्ति भी देखने को मिलती है, लेकिन इसका कारण केवल यह नहीं कि लोगों को उनकी परवाह नहीं होती, बल्कि यह भी है कि शासन-प्रशासन के स्तर पर उनके अनुपालन पर जोर नहीं दिया जाता। प्रायः यह अनुपालन मनचाहे तरीके से होता है। अधिकतर देखा जाता है कि जब भी कोई भगदड़ मचता है और लोगों की जान जाती है, तो जांच कमेटी का गठन कर दिया जाता है और मुआवजे की भोपणा कर दी जाती है। कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की है। साथ ही कहा कि घायलों का मुफ्त इलाज कराया जाएगा। मगर समझना होगा कि मुआवजा से किसी परिवार के दुःखों का अंत नहीं होता है। जिस किसी परिवार का कोई अपना मारा जाता है, तो उनको ताउम्र ऐसा दर्द मिलता है, जिसको लेकर उसको जीना पड़ता है। मानव प्राण अमूल्य होते हैं और इसकी रक्षा प्राथमिकता होनी चाहिए। मगर ऐसी घटनाओं को रोकने को लेकर न तो कभी गंभीरता से विचार होता है, न कभी कोई ऐसी कार्रवाई होती है, जो आगे के आयोजनों के लिए सबक सिद्ध हो। ज्यादातर जांच रपटों में इसकी वजह भीड़ बताई जाती है, जबकि कुप्रबंधन का तथ्य आमतौर पर छिपा लिया जाता है। शायद ही कभी ऐसी भगदड़ और उसमें लोगों की मौत के लिए आयोजकों की जवाबदेही तय की जाती है और प्रशासनिक लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया जाता है। नतीजतन, ऐसे हादसे लगातार सामने आ रहे हैं। हालांकि इन सबके बीच लोगों को भी समझने की जरूरत है कि ज्यादा भीड़ उमड़ने की संभावना है, वहां पर बुजुर्ग, बच्चों और महिलाओं को लेकर नहीं जाए। कहीं पर भी भगदड़ मचती है, सबसे ज्यादा इसका शिकार यही लोग बनते हैं। यह कहने में कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि भगदड़ भारत की नियती बन चुकी है और ऐसे में जब तक हमारी सरकारें भीड़ नियंत्रण को लेकर कारगर उपाए नहीं ढूंढ लेती है। जरूरत है कि लोग खुद ही ज्यादा सतर्क रहें। इन सबके बीच जरूरत है कि बेंगलुरु की घटना से सबक लिए जाए और भविष्य में ऐसे इंतजाम किए जाएकि कोइ बेगुनाह भगदड़ का शिकार न बने।

## राशिफल

**मेष** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। जीवनसाथी किसी बात को लेकर नाराज हो सकते हैं। आप अपने व्यवसाय में किसी के साथ पार्टनरशिप करने के बारे में सोच सकते हैं। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों को किसी एक्सपर्ट की राय के बिना इन्वेस्टमेंट करने से नुकसान होगा। आपका कोई मित्र आपसे लंबे समय बाद मिलने आ सकता है। किसी काम के समय से पूरा न होने के कारण मन परेशान रहेगा। आपको लेनदेन से संबंधित मामलों पर पूरा ध्यान देना होगा।

**वृषभ** आज का दिन आपके लिए सुख सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों के लिए आज दिन अच्छा रहने वाला है। बिजनेस में आपको कुछ नए लोगों का फायदा मिलेगा। आपकी निर्णय लेने की क्षमता आपके लिए बेहतर रहेगी। वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याओं से आपको छुटकारा मिलेगा। बॉस से कोई बात बहुत ही सोच समझ कर बोले। आपको अपने कामों को लेकर लापरवाही बिल्कुल नहीं दिखानी है। आप किसी को धन उधार देने से बचें।

**मिथुन** आज का दिन आपके लिए कारोबार के मामले में अच्छा रहने वाला है। मनोरंजन की चीजों पर आप अच्छा खासा खर्च करेंगे। संतान के मन में चल रही उलझनों को आपको जानने की कोशिश करनी होगी। आप यदि किसी काम को लेकर परेशान चल रहे थे, तो वह पूरा हो सकता है। ननिहाल पक्ष के लोगों से आप मेल मिलाप करने जा सकते हैं। आपको किसी काम को लेकर योजना बनाकर चलने की आवश्यकता है। आप अपनी जिम्मेदारियां से पीछे बिल्कुल न हटे।

**कर्क** आज आपका मन किसी बात को लेकर परेशान रहेगा। आपके मन में उलझने अधिक रहेंगी। आपको यदि किसी काम को लेकर संशय बना हुआ है, तो आप उसमें बिल्कुल आगे न पड़े। जीवनसाथी आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे, जिससे कामो में अच्छी सफलता मिलेगी। जो लोग विदेशों से व्यापार करते हैं, उन्हें कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती हैं। आपको किसी अजनबी पर भरोसा करने से बचना होगा। नौकरी में कार्यरत लोगों के ऊपर कोई बड़ी जिम्मेदारी आ सकती है, जिससे उन्हें घबराने की आवश्यकता नहीं है।

**सिंह** आज आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती हैं। आपके घर किसी अतिथि का आगमन हो सकता है। आप अपने प्रियजनों के साथ कहीं घूमने फिरने जा सकते हैं। आपको किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। आप किसी नए घर मकान आदि की खरीदारी की योजना बनाएंगे। आपको अपने बिजनेस की योजनाओं पर पूरा ध्यान देना होगा। आप अपने कामों को लेकर किसी दूसरे पर डिपेंड न रहे, नहीं तो उन्हें पूरा करने में समस्या आ सकती है।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों के तुलना में बेहतर रहने वाला है। दोस्तों के साथ आप कहीं घूमने फिरने जा सकते हैं। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। आप किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होंगे। आप अपनी इनकम को बढ़ाने के सोर्सो पर पूरा ध्यान देंगे। किसी दूर रह रहे परिजन से आपको कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है। आपको किसी पुरानी गलती को लेकर अपने बॉस से डांट खानी पड़ सकती हैं। आपको महिला मित्रों से थोड़ा सावधान रहना होगा।

**तुला** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आप अपने कामों में जोश व उत्साह से आगे बढ़ेंगे, लेकिन आपको अपने खर्चों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को अपने काम पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। पारिवारिक मामलों में आपको थोड़ा ध्यान देना होगा। संतान की संगति पर आपको थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है। आपको किसी काम को लेकर यात्रा पर जाना पड़ सकता है। बिजनेस में आपकी कोई डील यदि लंबे समय से अटकी हुई थी, तो वह फाइनल हो सकती है।

**वृश्चिक** आज का दिन रोजगार की तलाश में इधर-उधर भटक रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपको लंबी दूरी की यात्रा पर जाने का मौका मिल सकता है। आज आप अपने कीमती सामानों की सुरक्षा अवश्य करें। आपको आर्थिक मामलों में किसी अजनबी पर भरोसा करने से बचना होगा। आपको घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। भाई व बहनों से आपकी किसी बात को लेकर खटपट हो सकती है।

**धनु** आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आपको धैर्य व साहस से काम लेने की आवश्यकता है। आपको अपने परिवार के सदस्यों से रिश्ते को बेहतर बनाए रखने की कोशिश करनी होगी। आपकी किसी बात से माताजी नाराज हो सकती हैं। राजनीति में हाथ आजमा रहे लोगों को थोड़ा ध्यान देना होगा। आपसे कार्यक्षेत्र में यदि कोई गलती हो, तो आप उसे दोबारा न करें। आपको अपने आसपास रह रहे लोगों से बातचीत थोड़ा ध्यान देकर करनी होगी।

**मकर** आज का दिन आपके लिए मौज मस्ती भरा रहने वाला है। रचनात्मक कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी। आप अपने करियर में आगे बढ़ने का कोई मौका हाथ से जाने नहीं देंगे। आपको अपने सहयोगियों से कोई बात बहुत ही सोच समझ कर बोलनी होगी। आप कार्यक्षेत्र में कोई अच्छा मुकाम हासिल करने मे कामयाब रहेंगे। जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। आपको किसी काम को लेकर जल्दबाजी दिखाने से बचना होगा।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिए इनकम को बढ़ाने वाला रहेगा। कार्यक्षेत्र में मान-सम्मान बढ़ने से आपकी खुशियों का ठिकाना नहीं रहेगा। नौकरी में कार्यरत लोगों के मान सम्मान में वृद्धि होगी। ससुराल पक्ष से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है। परिवार के सदस्यों के साथ आप किसी मनचाही यात्रा पर जा सकते हैं, जो विद्यार्थी पढ़ाई लिखाई को लेकर लापरवाही कर रहे हैं, बाद में उन्हें नुकसान उठाना पड़ सकता है। आपको अपनी किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा।

**मीन** आज का दिन आपके लिए बुद्धि व विवेक से काम लेने लेने के लिए रहेगा, तभी आप कुछ नया कर पाएंगे। आप अपने लक्ष्य को पकड़ कर चलें। आपके मित्र आपको काम को लेकर कोई सलाह दे सकते हैं। किसी विपरीत परिस्थिति में आपको धैर्य बनाए रखने की आवश्यकता है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को अपने साथी से कोई बात सोच समझ कर बोली होगी। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा हो सकता है।

## व्यंग्य

# ढोंगी ढकोसलों का दरबार

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

गाँव की चौपाल पर उस दिन बड़ी हलचल थी। लोग कह रहे थे—"गंगाराम अब संन्यासी बन गया है।" वही गंगाराम जो पहले गालियाँ देता था, बीड़ी सुलगाता था और थूकने में भी धर्म खोज लेता था। उसने अब भगवा पहन लिया था, और माथे पर तिलक ऐसा खींचा कि सीधा शिव जी के गले से निकलकर कैलाश तक पहुँच जाए। उसके चेहरे पर वैराग्य का ऐसा नकली पेंट था कि जो रोशनी में देखने पर भी असली लग जाए। अब वो हर वाक्य के बाद 'बोलिए श्रीराम!' कहता था, और बीड़ी की जगह तुलसी की माला जपता था। गाँव की औरतें अब उसे 'बाबा जी' कहतीं और वो अपना पेट अंदर खींचकर कहता—"अरे, सब माया है माया।" जबकि माया तो उसके बगल में बैठी वो विधवा थी, जो उसके वैराग्य में रात का राग ढूंढ रही थी। बाबा गंगाराम ने शहर में एक आश्रम खोल लिया। नाम रखा—'शाश्वत आत्ममुक्ति केंद्र'। हर इतवार को सत्संग होता, जिसमें भक्तजन अपने पापों का विसर्जन चाय और नमकीन के साथ करते। बाबा जी के प्रवचनों में गीता कम, गप ज्यादा होती। लेकिन चूंकि उन्होंने भाषण में तीन बार 'द्रौपदी' और पाँच बार 'कृष्ण' का नाम लिया था, तो लोग समझते कि वो तो साक्षात वेदव्यास के वंशज हैं। बाबा हर बार कहते, "संसार रूपी नारी का वस्त्र जब खिंचता है, तभी धर्म डगमगाता है।" और पीछे से लाइट बंद करके किसी भक्तिन का मोबाइल नंबर सेव कर लेते। फेसबुक पर बाबा जी की प्रोफाइल पर लिखा था—"एक्स-सिनर टर्न्ड सेंट। लाइव्स इन साइलेंस। लिसन्स टू सोल।" और डीपी में उनका एक चित्र था जिसमें वे मोरपंख के नीचे आँखें मूँदकर बैठे थे, लेकिन उसी चित्र के पीछे मंदिर की दान पेटी में नजर घुसाए एक बच्चा भी दिख रहा था, जिसे सबने इग्नोर कर दिया। भक्तों के लिए बाबा जी की बायो से ज्यादा महत्त्वपूर्ण उनकी बायोडाटा थी—"बाबा जी विदेश में भी प्रवचन दे चुके हैं।" और वो विदेश असल में नेपाल था, जहाँ वे शादी में भोंपू बजा रहे थे, पर फोटो को सत्संग कहकर अपलोड कर दिया गया। एक दिन गाँव में एक नाटक हुआ—"ढोंगियों का धंधा"। नाटक के अंत में गंगाराम जैसे ढोंगी बाबा की पोल खुलती है, तो लोगों ने खूब ताली बजाई। लेकिन असली बाबा गंगाराम वहीं भीड़ में बैठा था, चश्मा लगाकर, मूंगफली खाते हुए। और लोग उस पर हँसते नहीं, बल्कि कहते, "बाबा जी, कितना सच्चा नाटक था! आपके जैसा कोई नहीं!" बाबा जी मुस्कराए, जैसे बुद्धत्व को प्राप्त कर लिया हो। उन्होंने मूंगफली का छिलका जेब में रखा, और बोले—"ध्यान रखो, ढोंग करने वाले से बड़ा कलाकार कोई नहीं होता।" सबने सिर झुका लिया, क्योंकि ढोंग जब पूज्य बन जाए, तो सवाल उठाने वाले भी ढोंगी लगने लगते हैं। गंगाराम उर्फ बाबा अब वीआईपी बाबा हो चुका था। उनके हर सत्संग में एसी चलता, मंच पर गुलाबजल छिड़का जाता,



और भक्तों की टोली में अब विधायक, डॉक्टर और रियल एस्टेट एजेंट शामिल हो चुके थे। हर सभा में वे एक ही बात कहते—"मनुष्य वही श्रेष्ठ जो दिखावा छोड़ दे।" और यह कहते वक्त उन्होंने अपनी घड़ी ठीक की जो रोलैक्स की फर्स्ट कॉपी थी। एक महिला भक्त ने सवाल किया—"बाबा जी, आपको कभी मोह नहीं होता?" बाबा बोले—"मोह मुझसे डरता है, बहन!" और फिर वही बहन एक ऑडी में बाबा जी को बैठाकर ले गई। एक दिन बाबा जी का एक्सक्लूसिव इंटरव्यू टीवी पर आया। एंकर ने पूछा—"बाबा जी, आप सत्य के कितने करीब हैं?" बाबा बोले—"मैं इतना करीब हूँ कि अब झूठ मुझसे डरता है।" और अगले ही दिन सीबीआई ने आश्रम पर छापा मारा। वहीं से पाँच सरकारी सिलेंडर, दो बिना बिल की गाड़ियाँ, तीन फर्जी डिग्रियाँ और एक लाश मिली। लेकिन भक्तों ने कहा—"ये सब सरकार की साजिश है, बाबा जी के खिलाफ।" क्योंकि जब आँख पर आस्था की पट्टी हो, तो सच्चाई भी झूठ जैसी लगती है। आखिरी दिन था बाबा जी का। जेल में थे। कोई मिलने नहीं आया। जो भक्त 'बाबा बाबा' करते थे, अब 'बलात्कारी बाबा' कहने लगे। बाबा जी अकेले पड़े थे, बिना माला, बिना तिलक, बिना लाइक और बिना चाय-नमकीन। उन्होंने आकाश की ओर देखा, और बुदबुदाए—"हे राम! दिखावा बड़ा महँगा पड़ता है।" उनका हाथ लटक गया। मौत के बाद भी कोई रोया नहीं, बस एक भक्त बोला—"कम से कम अब कोई ढोंग नहीं करेगा।" और सामने से एक नया बाबा भगवा वस्त्र में आते हुए बोला—"बोलिए श्रीराम!"

## विश्लेषण

# विश्व का पहला कृषि आतंकवाद

**किशन सनमुखदास भावनानी**



वैश्विक स्तरपर आज आतंकवाद की एक ऐसी ट्रेंड सी चल पड़ी है, जिसमें आज कोई देश अछूता नहीं रह गया है। एक क्रिमिनल व्यक्ति या देश केदिमाग में अपने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष दुश्मनों के वजूद को ही मिटाने की आईडियाएं या सोच उभरती रहती है,जो सीधे मानव बम, केमिकल बम जैविक बम और अभी उभर के आया है कृषि जैविक बम! बनकर सब कुछ नष्ट कर देता है हमने अभी तक साइबर,जैविक इत्यादि अनेकों वेपंस क़े आतंकवाद का नाम सुने हैं, लेकिन अमेरिका में दिनांक 4 जून 2025 को देर शाम ऐसे चीनी दो व्यक्तियों को पकड़ा गया जो फंगस को तस्करी कर अमेरिका लाए थे, जो फसलों में तेजी से रोग पैदा कर संक्रमण के जरिए पूरी फसलों को पूरी तरह से बर्बाद कर देता है चाहे वह गेहूं मक्का बाजरा सहित कोई भी फसल हो इसे एक तरह से बायोवेपन के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है जो दुश्मन देश को भूखा मरने पर मजबूर कर सकता है, क्योंकि इस वेपन के जरिए उस देश की पूरी फैसलें जहरीली व सूख जाती है, यानें किसी भी तरह से इंसानों के खाने लायक नहीं रहती, हमारी पीढ़ीयों कोकोविड-19 महामारी के बारे में हमेशा याद रहेगा जो तथाकथित चमदाग़ड़ से चीन से उदय हुई थी,ऐसा संदेश व्यक्त किया गया था। एक तरह से कृषि आतंकवाद का नया वर्जिन आजाद हुआ है, जिसका पहला निशाना अमेरिका हो सकता था। हालांकि इसके पूर्व इसका प्रयोग 1943 में द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी ने ब्रिटेन में आलू की फसलों को नष्ट करने के लिए इसे विमान से छोड़ा गया था। चूँकि चीनी साजिश पर दुनियाँ हैरान,अमेरिका को भूखा मारने का था प्लान, फंगस के जरिए अनाज खाद्य पदार्थ फसलों को बर्बाद करना था प्लान तथा आधुनिक आतंकवाद व युद्ध मानवीय जीवों की मृत्यु,फसलों भोजन स्वास्थ्य संपत्तियों भूमि पानी हवा पर्यावरण यहां तक कि सभ्यता का भी विनाश करना है,जो दुखदाई है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, विश्व का पहला कृषि आतंकवाद,कोविड-19 महामारी जैसे इंसानों को नष्ट कर देती है वैसे फंगस फसलों को बर्बाद कर देता है जो रेखांकित करने वाली बात है।

साथियों बात अगर हम विश्व के पहले कृषि आतंकवाद की करें तो,हमने अक्सर साइबर टेररिज्म और इको टेररिज्म जैसे शब्द सुने हैं. हालांकि, अमेरिका में 4 जून को एग्रो टेररिज्म का एक दुर्लभ मामला सामने आया। अमेरिका की जांच एजेंसी एफबीआई ने एग्रो टेररिज्म यानी कृषि आतंकवाद की साजिश के आरोप में दो चीनी नागरिकों को अरेस्ट किया है, एफबीआई के मुताबिक,उन दोनों ने फ्यूजेरियम ग्रामिनेरियम नामक एक खतरनाक फंगस चीन से अमेरिका में तस्करी की थी, यह ऐसा फंगस है, जो फसलों में रोग पैदा करके इन्हें बर्बाद कर देता है. इसे एग्रीकल्चर टेररिज्म वेपन के तौर पर इस्तेमाल किया जाता।कुल मिलाकर कहा जाए तो इस खतरनाक फंगस को जैविक हथियार यानी बायो वेपन के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है, इन दोनों चीनी नागरिकों पर मिशिगन कमें साजिश, फंगस की तस्करी, झूठे बयान और धोखाधड़ी का आरोप है, अमेरिका में एग्रो टेररिज्म की इस घटना से लोगों के मन में उत्सुकता जग गई है। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, फंगस फ्यूजेरियम ग्रामिनेरियम एक संभावित एग्रो टेररिज्म हथियार है और यह अरबों डॉलर के नुकसान का कारण बन सकता है,यह एक खतरनाक हानि कारक फंगस है,जो गेहूं, जौ,जई और मक्का जैसी अनाज फसलों को संक्रमित करता है, वास्तव में इसे उन पांच सबसे विनाशकारी फंगल रोगाणुओं में से एक माना जाता है जो कृषि पारिस्थितिक तंत्र को प्रभावित करते हैं,अब सवाल है कि क्या चीन इस प्लान से अमेरिका को बर्बाद करने चला था? कितना खतरनाक है यह विशेषज्ञों का कहना है कि यह फ्यूजेरियम हेड ब्लाइट (एफएचबी) या 'स्कैब' नामक बीमारी का कारण बनता है,जो अनाज कीगुणवत्ता को नुकसान पहुंचाता है,और फसल की पैदावार को कम करता है, शोध के अनुसार, फंगस गेहूं की अमीनो एसिड संरचना में बदलाव करता है, जिससे दाने सिकुड़ जाते हैं और शेष अनाज दूषित हो जाता है, इस फंगस के गेहूं को प्रभावित करने की स्थिति में स्पाइकलेट्स की बाहरी सतह पर भूरे, गहरे बैंगनी-काले नेक्रोटिक घाव बन जाते हैं जो गेहूं के कान को तोड़ते हैं।चावल में यह प्रभावित बीजों को लाल कर देता है और बीज की सतह पर या पूरे बीज पर भूरे रंग के धब्बे पैदा कर सकता है,संक्रमित अनाज हल्के, सिकुड़े और भंगुर होते हैं। साथियों बात अगर हम कृषि आतंकवाद को समझने की करें तो, सरल शब्दों में कहें तो जैविक एजेंटों का इस्तेमाल करके पूरी की पूरी फसल बर्बाद करना ही एग्रो टेररिज्म है, यह कृषि प्रणालियों में बीमारियों या कीटों या अन्य हानिकारक जैविक एजेंटों को व्यापक नुकसान पहुंचाने के इरादे से डालने का कार्य है,ऐसे कार्य का एकमात्र मकसद खाद्य श्रृंखला को टारगेट करना है मकसद है, अर्थव्यवस्था को तबाह करना और सामाजिक अशांति पैदा करना, इसमें पकड़े जाने की संभावना जीरो है और कम लागत में यह बड़ा मकसद को पूरा करती है, एग्रो टेररिज्म के दूरगामी प्रभाव होते हैं, खासकर उन देशों के लिए जिनकी अर्थव्यवस्था कृषि पर निर्भर है, इसे बहुत प्रभावी भी माना जाता है क्योंकि यह बिना ध्यान दिए जा सकता है। दिलचस्प बात यह है कि इस प्रकार का आतंकवाद नया या अनोखा नहीं है, द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी ने ब्रिटेन में कोलोराडो आलू बीटल के साथ आलू की फसलों को टारगेट किया.ये बीटल 1943 में इंग्लैंड में पाए गए थे, बीटल को विमान से छोड़ा गया था, मोसटागनेम विश्वविद्यालय के एक शोध पत्र में यह भी कहा गया है कि जापान ने द्वितीय विश्व युद्ध जारी रहने पर अनाज के जंग के बीजाणुओं के साथ एग्रो टेररिज्म पर विचार किया था,अब समझिए अगर अमेरिका में चीनी साजिश सफल हो जाती तो अमेरिका की पूरी फसलें बर्बाद हो जातीं।अमेरिका में दो चीनी नागरिकों द्वारा खतरनाक फंगस फ्यूजेरियम ग्रेमिनीअरम की तस्करी मामले ने वैश्विक कृषि सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह घटना उस संभावित भविष्य की चेतावनी है, जहां बीज, मिट्टी और फसलें भी आतंकवाद के हथियार बन सकते हैं। यह फंगस अनाज को सड़ा देता है और इंसानों व जानवरों दोनों को गंभीर रूप से बीमार कर सकता है, जिससे यह जैविक युद्ध का मौन हथियार साबित हो सकता है। इसे एग्रो टेररिज्म यानी कृषि आतंकवाद का संभावित हथियार बताया गया है। क्या है कृषि आतंकवाद फसलों को नष्ट करने के लिए जैविक एजेंट का इस्तेमाल करना पक्का कृषि आतंकवाद ही कहलाता है। साथियों बात अगर हम कृषि आतंकवाद के भारत पर प्रभाव पड़ने की करें तो,इसका मकसद अर्थव्यवस्था को बर्बाद करना और समाज में तनाव पैदा करना होता है। यह तरीका सस्ता और पकड़ में आने में भी मुश्किल है। 2016 में बांग्लादेश से आए जहरीले फंगस मैग्नापॉर्थे ओराइज़ा पाथोटाइप ट्रिटिकम ने पश्चिम बंगाल के दो जिलों में भारी तबाही मचाई थी। सरकार ने इस खतरे को नियंत्रण में रखने के लिए तीन वर्ष तक वहां गेहूं की खेती पर प्रतिबंध लगाया। इसलिए सतर्क रहना जरूरी -भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा गेहूं उत्पादक देश, काबू पाना मुश्किल होगा -पहले भी भारत में हेड ब्लाइट की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, विशेषकर उत्तर भारत में -सीमाओं से लगे क्षेत्रों, विश्वविद्यालयों, कृषि अनुसंधान संस्थानों पर कड़ी निगरानी जरूरी कई कदम उठाए जा चुके -भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की ओर से फफूंदरोधी गेहूं की किस्मों पर रिसर्च -कुछ राज्य कृषि विश्वविद्यालयों में रोग प्रतिरोधक बीजों का ट्रायल शुरू किया गया -किसानों को बीज उपचार और फसल चक्र बदलाव जैसी सलाहें दी गईं समय रहते पाया काबू अमेरिका की नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन की 2022 की रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर भारत में गेहूं की फसलों में हेड ब्लास्ट के लक्षण कई बार देखे गए हैं। हालांकि, हर बार समय पर नियंत्रण पा लिया गया।

## एक नजर

### विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधे लगाए गए



**सुकमा, 06 जून।** आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला पुनर्वास केंद्र सुकमा में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कार्यक्रम में एसपी श्री किरण चव्हाण, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन और डीएफओ श्री अक्षय भोंसले जिला पुनर्वास केंद्र में वृक्षारोपण किया। इस दौरान प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी सहित वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी के अलावा स्थानीय लोग भी शामिल हुए। अभियान का उददेश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और स्थानीय समुदाय को प्राकृतिक संसाधनों के महत्व के प्रति जागरूक करना है।

### कूकानार उप स्वास्थ्य केंद्र मात्र दो नर्स के भरोसे चल रहा

**सुकमा, 6 जून।** सुकमा जिले के कूकानार उप स्वास्थ्य केंद्र में आज साप्ताहिक बाजार के दिन भी स्वास्थ्य सेवाएं चरमराई हुई हैं। अस्पताल मात्र दो नर्सों के भरोसे चल रहा है, जबकि डॉक्टर पिछले एक सप्ताह से छुट्टी पर हैं। बीएमओ और सीएमएचओ द्वारा अब तक कोई वैकल्पिक डॉक्टर की व्यवस्था नहीं की गई है। 20 से अधिक मरीज पिछले 2 घंटे से इंतजार कर रहे हैं, बिना यह जाने कि उन्हें कब इलाज मिलेगा। चौंकाने वाली बात यह है कि जिस दिन कलेक्टर या उच्चाधिकारी दौरे पर आते हैं, उसी दिन अस्पताल में सभी स्टाफ समय पर उपस्थित होते हैं और सेवाएं सुचारू रूप से चलती हैं। यह दर्शाता है कि व्यवस्थाएं केवल दिखावे के लिए हैं, न कि जनता की सेवा के लिए।

### फायर स्टेशन निर्माण के लिए भूमि आवंटित करने के मामले में 17 जून तक दावा-आपत्ति आमंत्रित

**दंतेवाड़ा, 06 जून।** न्यायालय नजूल अधिकारी द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार आम जनता को सूचित किया गया है कि आवेदक जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी नगर सेना दंतेवाड़ा को जिले में फायर स्टेशन निर्माण हेतु ग्राम दंतेवाड़ा पहन 03 तहसील दंतेवाड़ा स्थित शासकीय नजूल भूमि खसरा नंबर 154/1 रकबा 3.3240 हे में से रकबा 0.400 हे भूमि आवंटित किये जाने संबंधी प्रकरण उक्त न्यायालय में जांच हेतु प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो आपत्ति के स्पष्ट कारणों को उल्लेख करते हुए स्वयं या अपने मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 17 जून 2025 तक कार्यालयीन समय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात प्रस्तुत आपत्ति, अभ्यावेदन इस न्यायालय द्वारा स्वीकार नहीं किया जावेगा।

### 1 जून से 26 जून तक अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर होगा नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन

**दंतेवाड़ा, 06 जून।** समाज कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से 26 जून 2025 तक ''अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस'' के अवसर पर नशा मुक्त भारत अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम जैसे जनसामान्य की सहभागिता से रैली का आयोजन। विश्व विद्यालय, महाविद्यालय, विद्यालयों में नशा मुक्ति पर केन्द्रित चित्रकला, नशा मुक्ति पर केन्द्रित सेमिनार, गोष्ठियों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों भाषण, गीत, नृत्य, नाट्य, स्लोगन आदि प्रतियोगिताओं के आयोजन जिले में किए जाएगें। इसके अलावा ग्राम पंचायतों में भी नशापान के दुष्परिणामों का प्रचार-प्रसार, निवारण शिक्षा आदि कार्यक्रमों का व्यापक रूप से आयोजन होगा।

### कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए मेरिट सूची के संबंध में 10 जून तक दावा-आपत्ति आमंत्रित

**दंतेवाड़ा, 06 जून।** आदिवासी विकास शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रयास आवासीय विद्यालयों के लिए शिक्षण सत्र 2025-26 में कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु प्राक्कयन परीक्षा दिनांक 20 अप्रैल 2025 को आयोजित की गई थी। उक्त परीक्षा का परिणाम दिनांक 04 जून 2025 को विभागीय वेबसाईट www.eklavya.cg.nic पर देखी जा सकती है। मेरिट सूची का प्रकाशन पृथक से किया जावेगा। इसके अलावा आवेदकों को वेबसाइट पर दर्शित परीक्षा परिणाम में अपना नाम एवं रोल नम्बर का मिलान सुनिश्चित कर लेने को कहा गया है। इसमें किसी प्रकार की त्रुटि होने पर आवेदक कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास दंतेवाड़ा में स्वयं उपस्थित होकर दावा आपत्ति आवेदन प्रस्तुत कर सकेगें। डाक द्वारा दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा। दावा आपत्ति हेतु अंतिम तिथि 10 जून 2025 तक समय 10 से 05 बजे निर्धारित की गई है। अंतिम तिथि समाप्ति पश्चात दावा आपत्ति मान्य नहीं किया जावेगा।

### धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान,108 आदिवासी बाहुल्य गांव होंगे समृद्ध

**धमतरी 06 जून।** धमतरी जिले के 97 ग्राम पंचायतों के 108 आदिवासी बाहुल्य गांवां को विकसित और समृद्ध बनाने के लिए धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान में शामिल किया गया है। इन गांवों में सड़क, बिजली, पानी, पढ़ाई-लिखाई और इलाज की बेहतर सुविधाओं जैसे मूलभूत जरूरतों को विकसित किया जाना है। गांवों में शासन की विभिन्न योजनाओं से शत-प्रतिशत लोगों को लाभान्वित करने के लिए 15 जून से 30 जून तक धरती आबा संतृप्तिकरण शिविर लगाए जाएंगे।

# विधायक अटामी ने समर्पित नक्सल परिवार एवं शहीद आरक्षक संतु कारम के परिवार साथ लगाए पौधे

- पर्यावरण की रक्षा हमारा धर्मः अटामी
- दंतेवाड़ा में विभिन्न ग्राम पंचायतों, सरकारी ऑफिस, वन मंदिर में लगाए गए पौधे

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 6 जून।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में वन एवं पुलिस विभाग द्वारा आज कारली पुलिस लाइन में दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी के मुख्य आतिथ्य में समर्पित नक्सल परिवार एवं शहीद आरक्षक संतु कारम के परिवारजनों के साथ पौधा रोपण कराया गया. इस अवसर पर एक पेड़ मां के नाम पर दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामीने भी पौधा रोपण किया. इस अवसर पर विधायक श्री अटामी ने कहा कि पर्वावरण की रक्षा ही हम सभी का धर्म है. पर्यावरण की रक्षा केवल एक दिन का कार्य नहीं है, बल्कि यह हमारी जीवनशैली का हिस्सा बनना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान विधायक श्री अटामी ने जिले में पहली बार नक्सलवाद छोड़ मुख्य धारा में लौटे समर्पित नक्सलियों एवं नक्सल प्रभावित परिवारों द्वारा वृक्षा रोपण कराए जाने पर पुलिस एवं वन विभाग की प्रसंशा की. साथ ही विधायक ने कहा कि अभी भी समय है नक्सली नक्सलवाद का रास्ता छोड़ मुख्य धारा में लौटते है तो उनका हम स्वागत करेंगे. उन्होंने कहा आज भी नक्सलियों के परिवार को उनकी उतनी ही जरूरत है जितना अन्य परिवारों को अपने घर के सदस्यों की जरूरत होती है.

इस अवसर पर शहीद आरक्षक संतु कारम का परिवार एवं आत्मसमर्पित नक्सली सोनाय ईस्ताम, कोसीबाई, बोती ताती, लक्ष्मी बाई बारसे, लखमे कुंजाम, सुदरी इस्ताम, उर्मिला कड़ती ने पर्यावरण को बचाने संयुक्त रूम से वृक्षा रोपण किया. कार्यक्रम के दौरान डीएफओ दंतेवाड़ा डॉक्टर सागर जाधव, एएसपी स्मृतिक राजनाला, एसडीओपी गोविंद सिंह दीवान, राहुल उइके, डीएसपी जितेंद्र कुमार, डीआरजी प्रभारी प्रदीप बिसेन सहित पुलिस एवं वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे.

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज जिला प्रशासन, पुलिस विभाग एवं वन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान अधिकारियों ने पर्यावरण के संरक्षण और स्थायी विकास की दिशा में अपने विचार साझा किए।

## साहू समाज ने कालीपुर में किया पौधारोपण

- विश्व पर्यावरण दिवस पर समाज प्रमुखों ने रोपे 200 पौधे

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 6 जून।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर साहू समाज तेतरकुटी के द्वारा कालीपुर में इंद्रावती नदी के किनारे 200 नग पौधे का रोपण किया। इस दौरान समाज के अध्यक्ष गणेश राम साहू ने कहा कि प्रकृति के पांच तत्वों का संतुलन और संरक्षण पृथ्वी पर जीवन के संरक्षण के लिए आवश्यक है. उन्होंने कहा कि हमको जनजातीय समाज से प्रेरणा लेकर वृक्षों के संवर्धन और संरक्षण के लिए प्रयास करना होगा। समाज के संरक्षक पालन साहू ने कहा कि यदि हर व्यक्ति अपने जीवन के विशेष अवसरों पर एक वृक्ष लगाये और उसे संरक्षित करने का संकल्प ले तो धरती को हरियाली से भरा जा सकता है, जो कि पर्यावरणीय असंतुलन को रोकने कि दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। कालीपुर के सरपंच सरिता भोयर ने कहा कि वृक्षों की रक्षा से ही जीवन, समाज और संस्कृति की रक्षा होगी। उन्होंने लोगों से धरती और पर्यावरण की रक्षा के लिए संकल्पित होकर प्रयत्न करने का आह्वान किया। इस दौरान साहू समाज के सचिव देवनारायण साहू, उपाध्यक्ष लाल बहादुर साहू, मोहन साहू, कोषाध्यक्ष बुधे लाल साहू, दिलीप साहू, उत्तम साहू, नीलमणी साहू, प्रमिला साहू, ईश्वर साहू, लक्ष्मीनाथ साहू, उर्मिला साहू, दीक्षा साहू, मंजू साहू, पूर्णिमा साहू, हेमबती साहू, रत्ना साहू, खगेश्वर भोयर पूर्व सरपंच, मनोज साहू, जोहन राम साहू, फूलसिंह, शंकर, लता साहू, सविता साहू, चंपा साहू, भूमि साहू, मंगलदई साहू सहित बड़ी संख्या में साहू समाज तथा कालीपुर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## मेखावाया क्लस्टर स्तरीय प्रशिक्षण में जल संरक्षण की जानकारी दी गई

- प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए जिला पंचायत सदस्य हुंगाराम मरकाम

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 06 जून।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार वर्षा ऋतु के पूर्व अधिकतम वर्षा जल संचयन सुनिश्चित करने हेतु मोर गांव मोर पानी महा अभियान के अंतर्गत जिले के सभी विकासखंडों में क्लस्टर स्तरीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में मेख़ावाया क्लस्टर में प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, पंचायत कर्मियों, तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को जल संरक्षण संबंधी विविध पहलुओं की जानकारी दी जा रही है। मेख़ावाया प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्री हुंगाराम मरकाम शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान 2.0 के तहत पौधरोपण कर, पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिए। प्रशिक्षण सत्रों में ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक तथा ग्राम संगठन से चयनित महिलाओं को शामिल किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को दीवाल लेखन, रैली, ग्राम चौपाल एवं अन्य गतिविधियों के जरिये जल संरक्षण हेतु प्रेरित किया जा रहा है। जिले की प्रत्येक पंचायत में जल शपथ दिलाई जा रही है, जिसमें मनरेगा कार्यस्थलों पर प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को जल संरक्षण के लिए विभिन्न तकनीकी जानकारियाँ प्रदान की गईं।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर बस्तर में चला प्लास्टिक प्रदूषण हटाओ अभियान,पौधारोपण कर दिया हरियाली का संदेश

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 6 जून।** विश्व पर्यावरण दिवस 2025 की थीम ÷प्लास्टिक प्रदूषण को हराना के तहत आज सामाजिक वानिकी वनमण्डल, जगदलपुर द्वारा विविध पर्यावरणीय गतिविधियाँ संचालित की गईं। प्रातः 8 बजे से ही वनमण्डल कार्यालय परिसर, वन परिक्षेत्र कार्यालय परिसर और वन कालोनी क्षेत्र में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने प्लास्टिक सामग्री एकत्र कर सफाई अभियान में हिस्सा लिया। इस स्वच्छता अभियान के पश्चात ग्राम सरगीपाल के एक हितग्राही की निजी भूमि पर और ग्राम गुड़ी में सामूहिक रूप से वृक्षारोपण किया गया, जिससे लोगों को पर्यावरण संरक्षण और हरियाली के महत्व का संदेश मिला। कार्यक्रम का संचालन वनमण्डलाधिकारी श्रीमती शमा फारूकी के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि, ग्राम पुजारी, तथा कई वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे जिनमें प्रमुख रूप से दिलीप सिन्हा, सहायक वन संरक्षक, मो. सलीम, वन परिक्षेत्र अधिकारी तोकापाल, कमलकांत जोशी, परिक्षेत्र अधिकारी गीदम, जितेन्द्र शर्मा, वन परिक्षेत्र अधिकारी, जगदलपुर सहित सामाजिक वानिकी वनमण्डल के समस्त अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे। इस आयोजन ने न केवल प्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ जनजागरूकता को बल दिया, बल्कि वृक्षारोपण के माध्यम से भविष्य के लिए हरित विरासत छोड़ने का संदेश भी दिया।

## रोजगार का प्रशिक्षण देने से आत्मसमर्पित माओवादियों के जीवन में आएगा बदलाव



- प्रधानमंत्री आवास योजना के सपनों को मिलेगी गति

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 06 जून।** शासन-प्रशासन द्वारा माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में शांति एवं विकास सहित आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किये जा रहे है। इसी कड़ी में कलेक्टर श्री देवेश कुमार के निर्देशन में एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में आत्मसमर्पित माओवादियों को राजमिस्त्री का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण आरएसईटीआई के तहत एनआरएलएम पंचायत अंतर्गत विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बड़ेसेटटी के 30 आत्मसमर्पित माओवादी शामिल किया गया है। यह प्रशिक्षण उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान करने के साथ ही उनके जीवन में स्थायित्व और सकारात्मक बदलाव की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिले में स्वीकृत आवासों के निर्माण कार्यो को गति देने के लिए यह सार्थक पहल है। प्रशिक्षित राजमिस्त्री स्वावलंबी बनेंगे और वे ग्रामीण क्षेत्रों में आवास निर्माण की गुणवत्ता और गति को भी सुनिश्चित करेंगे। जिससे प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवासों के निर्माण कार्य को नई गति और मजबूती मिलेगी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य इन लोगों को मुख्यधारा से जोड़ना और उनकी आजीविका को सुदृढ़ बनाना है। प्रशिक्षण के दौरान राजमिस्त्री कार्य की बारीकियों से लेकर, भवन निर्माण की तकनीकी दक्षता तक की जानकारी दी जा रही है।

## वन मंदिर वाटिका टेकनार में कलेक्टर सहित अधिकारियों ने लगाए पौधे



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 06 जून।** अंतरराष्ट्रीय विश्व पर्यावरण दिवस 05 जून 2025 के परिप्रेक्ष्य में दंतेवाड़ा वन मंडल के तत्वाधान के तहत आज मुख्यालय स्थित वन मंदिर वाटिका टेकनार में कलेक्टर कुणाल दुदावत के सहित अन्य अधिकारियों द्वारा पौध रोपण किया गया। अधिकारियों ने इस दौरान आम, कदम, नारियल, फलदार जैसे अन्य पौधों का रोपण किया। इस मौके पर वनमंडलाधिकारी अधिकारी डॉ जाधव सागर रामचंद्र, जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा, उपवन मंडलाधिकारी गीदम, वीएन नाग दंतेवाड़ा उपवन मंडल अधिकारी दंतेवाड़ा श्रीमती द्रोपती ठाकुर सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# गांवों में चौपाल लगाकर कृषकों को बताई खेती की आधुनिक तकनीक

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 06 जून।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती नर्मता जैन के मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देश में तथा कृषि से संबंधित सभी विभाग प्रमुखों के सहयोग से विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 सफलतापूर्वक जारी है, जिसके तहत 04 जून, बुधवार को ग्राम पंचायत सोनाकुकानार, नीलावरम, कुंदनपाल, कुन्ना, उसकावाया एवं बागदेगुड़ा में पंचायत स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस दौरान सभी छः ग्रामों से महिला एवं पुरूष कृषकों के साथ-साथ कृषि सखियों ने भाग लेकर कृषि वैज्ञानिकों, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, उद्यानिकी विभाग एवं मत्स्य विभाग के अधिकारियों एवं विशेषज्ञों से खेती की उन्नत तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। उपरोक्त सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने में सभी ग्राम पंचायत सचिवों, सरपंचों एवं पंचों व कृषि सखी का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है। विदित है कि उपरोक्त कार्यक्रमों में आर.पी. कश्यप व कैलाश कुमार मरकाम, डॉ. परमानंद व डॉ. जितेश कुमार बघेल तथा डॉ. संजय सिंह राठौर, मयूरी ठाकुर व भीम कुमार जायसवाल क्रमशः कोंटा, छिंदगढ़ तथा सुकमा विकासखण्डों में नोडल अधिकारी के रूप में कार्य कर रहे हैं। जिनके द्वारा खरीफ फसलों की आधुनिक तकनीक जैसे उन्नत किस्म, बीजोपचार, समन्वित खरपतवार, कीट एवं रोग प्रबंधन की जानकारी, कृषि यंत्रों का उपयोग, पशुपालन एवं मछली पालन के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही हैं। साथ ही साथ किसानों को खाद एवं उर्वरक, सिंचाई प्रबंधन से अवगत कराते हुए पादप हार्मोन का उपयोग करने की भी सलाह दी जा रही है। जिले के उपसंचालक कृषि, पी.आर. बघेल व कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, एच.एस. तोमर, द्वारा ग्राम पंचायत सोनाकुकानार, नीलावरम, कुंदनपाल व कुन्ना में कार्यक्रम में शमिल होकर अपने विभागों की विभिन्न योजनाओं के साथ जैसे प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, केसीसी, पीएम फसल बीमा योजना आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

## समाचार संक्षेप

### स्वास्थ्य केन्द्र चितलनार में अव्यवस्था पर तीन कर्मचारियों को शो कॉज नोटिस जारी

**सुकमा, 6 जून।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने बुधवार को उप स्वास्थ्य केन्द्र चितलनार का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केन्द्र में अव्यवस्था पाई गई, जिससे केन्द्र के संचालन और मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। कलेक्टर ध्रुव के द्वारा सीएचओ कु. शशि किरण जुर्री, एएनएम कु. तुलसा नाग और एमपीडब्ल्यू श्री सुरेश कुमार उप स्वास्थ्य केन्द्र चितलनार, विकासखण्ड छिन्दगढ़ को दायित्वों के निर्वहन में स्वेच्छाचारिता व लापरवाही को दर्शाता है, जो छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 (1) (11) (111) के तहत कार्रवाई की चेतावनी दी। तीनों कर्मचारियों को 3 दिन के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। स्पष्टीकरण संतोषजनक न होने या प्रस्तुत न करने पर उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

### मोर गांव-मोर पानी महाअभियान के तहत दिया जा रहा जल संरक्षण का प्रशिक्षण

**सुकमा, 06 जून।** मोर गांव-मोर पानी महाअभियान भू-जल संरक्षण मिशन जल रक्षा के तहत कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में सुकमा जिले में प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को विकासखंड सुकमा के ग्राम पंचायत गोंगला में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षणार्थियों ने जल संरक्षण के संबंध में जानकारी ली। साथ ही सभी ने भू-जल रक्षा के लिए शपथ ली। प्रशिक्षण कार्यक्रम में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग के संबंध में विस्तार से बताया। बारिश के पानी को संग्रहित कर भूजल स्तर को बढ़ाने की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के संबंध में प्रशिक्षणार्थियों को तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगण सहित सचिव, रोजगार सहायक, तकनीकी सहायक, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं और ग्रामीण प्रतिभागी शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन एवं आयुक्त महात्मा गांधी नरेगा से प्राप्त निर्देशानुसार मोर गांव मोर पानी महाअभियान के तहत ऑफलाईन उन्मुखीकरण प्रशिक्षण प्रदान कराया जा रहा है। ग्राम पंचायत स्तर पर मोर गांव मोर पानी महाअभियान के तहत प्रतिभागियों को जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के संबंध में उन्मुखीकरण प्रशिक्षण प्रदान कर ग्रामीणों में जन जागरूकता का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसके साथ ही ग्राम पंचायतों एवं शासकीय भवनों की दीवारों पर भूजल स्तर की जानकारी सहित स्लोगन का लेखन किया गया है। मोर गांव मोर पानी के तहत शासन के निर्देशानुसार जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के लिए प्रशिक्षित तकनीकी सहायकों के माध्यम से क्लस्टर लेवल के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन हो रहे है और जल संरक्षण एवं संवर्धन से जुड़े हुए मैदानी अमले को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

### स्व सहायता समूह की महिलाओं के प्रयासों से बैंकिंग सुविधाओं का हो रहा विस्तार

**सुकमा, 06 जून।** जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नम्रता जैन के नेतृत्व



में सुदूर वनांचल एवं संवेदनशील क्षेत्रों में ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का सीधा लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत स्व सहायता समूह की दीदियों के सहयोग से ग्रामीणों के बैंक खाते खोले जा रहे हैं। इससे ग्रामीणों को वित्तीय समावेशन का लाभ मिलने के साथ ही शासकीय योजनाओं की डीबीटी की राशि सीधे उनके खातों में भेजी जाएगी। सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन ने कहा कि जिला प्रशासन का मुख्य उद्देश्य है कि कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। इसके लिए हम स्व सहायता समूह की दीदियों को सशक्त बनाकर, गांव-गांव जाकर लोगों के बैंक खाते खुलवा रहे हैं। इस प्रक्रिया से ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा और वे डिजिटल लेनदेन के प्रति भी जागरूक होंगे।

### मोर गांव-मोर पानी महाअभियान के तहत जल संरक्षण के लिए जागरूक किया जा रहा

**सुकमा, 6 जून।** सुकमा जिले में %मोर गांव, मोर पानी




महाअभियान% के अंतर्गत जल संरक्षण और जल संवर्धन को लेकर कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव और सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत स्तर पर उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीणों को जल संकट के प्रति जागरूक करना और उन्हें जल संरक्षण के महत्व से अवगत कराना है। इसके साथ ही, ग्राम पंचायतों और शासकीय भवनों की दीवारों पर भूजल स्तर के बारे में जानकारी दी जा रही है। दीवारों पर जल संरक्षण से जुड़े प्रेरक स्लोगन भी लिखे गए हैं, ताकि ग्रामीणों को निरंतर इस दिशा में प्रेरित किया जा सके और वे जल के महत्व को समझकर इसके बचाव में सक्रिय रूप से भाग लें।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर शासकीय,गैर शासकीय संस्थानों में पौधे लगाए गए



**सुकमा, 6 जून।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को जिले में ÷एक पेड़ माँ के नाम 2.0÷ वृक्षारोपण अभियान इको-क्लब एवं मिशन लाइफ के सहयोग से जिले भर के शासकीय व अशासकीय शैक्षणिक संस्थानों ने आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी आत्मानंद शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, पावारास सुकमा में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.आर. मंडावी उपस्थित रहे। उनके साथ विद्यालय के प्राचार्य श्रीमति टी.डी.दास, शिक्षकगण, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य और संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। मुख्य अतिथि मंडावी ने वृक्षारोपण की शुरुआत करते हुए छात्रों को पर्यावरण संरक्षण करने का संकल्प संदेश दिया। उन्होंने कहा, ÷आज के बच्चे ही कल के भविष्य हैं, और यदि हम उन्हें प्रकृति से जोड़ेंगे, तो हमारी आने वाली पीढ़ियाँ हरियाली से भरपूर जीवन जी सकेंगी। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा अपनी माताओं के नाम पर पौधे लगाए गए, जिससे इस अभियान को एक भावनात्मक जुड़ाव मिला। सभी छात्रों ने अपनी माता के नाम पर एक एक पौधा लगाया। वृक्षारोपण के लिए स्थानीय जलवायु के अनुकूल फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधों का चयन किया गया। सभी विद्यार्थियों को पौधों की देखरेख और संरक्षण की जिम्मेदारी दी गई। पूरे जिले के शैक्षणिक संस्थानों में एक साथ यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना था, बल्कि समाज में मातृत्व के प्रति सम्मान और संवेदनशीलता प्रदर्शित करना था।

## एक नजर

### रिजवान मेमन बने प्रदेश चेंबर ऑफ कॉमर्स के मंत्री

**गरियाबंद, 6 जून।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सतीश थैरानी ने एक पत्र जारी करते हुए गरियाबंद के राइस मिलर रिजवान भाई मेमन को छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के मंत्री पद पर मनोनित किया है प्रदेश चेंबर में इनका कार्यकाल 2025-2028 तक रहेगा।अध्यक्ष ने रिजवान मेमन से अपेक्षा की है छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज को सशक्त बनाने तथा व्यवसायियों एवं उद्यमियों को चेम्बर से जोड़ने में आपका सकिय सहयोग प्रदान करेंगे रिजवान मेमन ने उनके इस जिम्मेदारी को लेकर कहा है कि वह यथासंभव अपनी पूरी ताकत व ईमानदारी से युक्त दायित्वों को निर्वहन करेंगे और चेंबर ऑफ कॉमर्स को और अधिक से अधिक मजबूत करने का प्रयास करेंगे व्यापारी भाइयों की समस्याओं को लेकर वे सदैव संघर्षरत रहेंगे अपनी पूरी ऊर्जा संगठन को मजबूती देने में लगाएंगे इस अवसर पर गरियाबंद व्यापारी संघ ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन

**गरियाबंद, 6 जून।** जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वधान में 30 दिवसीय जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 06 मई से 04 जून 2025 तक आयोजित था। जिसका समापन 04 जून 2025 को जिला मुख्यालय के गांधी मैदान परिसर में कराया गया। जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह आज हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। यह शिविर गत एक माह से चल रहा था, जिसमें बच्चों और युवाओं ने विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण प्राप्त किया।समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष श्री रिखीराम यादव उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर युवाओं के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। इस दौरान गरियाबंद के थाना प्रभारी ओम प्रकाश यादव एवं मधु देवांगन, निरंजन प्रधान, खेम बघेल पार्षदगण उपस्थित थे। प्रशिक्षण शिविर में क्रिकेट, फुटबॉल, कबड्डी, बैडमिंटन, एथलेटिक्स, खो-खो, तीरंदाजी, हॉकी, वेटलिफ्टिंग आदि खेलों का अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षकों ने न केवल खेलों की तकनीकी जानकारी दी, बल्कि अनुशासन, टीम वर्क और फिटनेस के महत्व पर भी बल दिया।

### जलदूत एप से किया जा रहा कुओं के जल-स्तर का सर्वेक्षण

**रायगढ़, 6 जून।** शासन के निर्देशानुसार रायगढ़ जिले में महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत 07 विकासखंडो में निर्मित कुओं में मानसून पूर्व जलस्तर की माप सभी ग्राम पंचायतों के प्रत्येक ग्राम में खुले कुंओं के जल स्तरों को माप कर प्री-मानसून 2025 अवधि तक वास्तविक डाटा अपलोड किये जा रहे है। जिले में 25 मई से मैदानी अमलों तकनीकी सहायक, बेयरफुट तकनीशियन, रोजगार सहायकों द्वारा जलदूत ऐप के माध्यम से प्रत्येक ग्राम के कुंओं के जल स्तर का माप किया जा रहा है। जिसे 15 जून तक किया जायेगा, जिससे मानसून से पहले और मानसून के बाद का डाटा को कैप्चर होगा। भू-जल डाटा कैप्वर करने के दौरान खुले कुएं के जल स्तर की नाप किये जाने के पूर्व यह सुनिश्चित किया जाना है कि कुंए से पिछले 10 से 12 घंटे पहले पानी नहीं निकाला गया है। प्रत्येक ग्राम/ग्राम पंचायत के खुले कुंओं का डाटा एक ही दिन में अपलोड किया जाना है।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी नागरिक क्षेत्र में पौधे लगाएंगे:नीलिमा ठाकुर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गरियाबंद, 6 जून।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला पंचायत गरियाबंद में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती नीलिमा ठाकुर ने अपने कक्ष में विधिवत पूजा पाठ के कर अपने कुर्सी पर विराजमान हुई इस औसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अनिल चंद्रकार और जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के विभिन्न पदाधिकारी एवं सभापति के साथ ही जनप्रतिनिधियों, पंचायत अधिकारी, कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, अंत में सभी उपस्थित जनों ने को गरियाबंद एसडीएम ने शपथ ग्रहण करते हुए कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए सभी नागरिक पेड़ लगाएंगे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्रकार ने कहा, पर्यावरण हमारी साझा धरोहर है, और इसे संरक्षित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। आज का यह वृक्षारोपण अभियान न केवल हरियाली को बढ़ावा देगा, बल्कि पर्यावरण को व्यवस्थित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभैगी एक पेड़ मां के नाम हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने जो विचार व्यक्त किया है निश्चित रूप से यह काफी प्रेरणादायक है जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर ने अपने संबोधन में उपस्थित लोगों को प्रेरित करते हुए कहा, ÷आज हम जो पौधे रोप रहे हैं, वे भविष्य की पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा और बेहतर जीवन का उपहार हैं। इस अवसर पर विशेष रूप से जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीलिमा ठाकुर ने कहा कि हम आज जो पेड़ लगा रहे हैं वह तो ठीक है किंतु जो पेड़ हमारे यहां पहले से है उसकी भी हम समुचित सुरक्षा कर लें उसे काटने ना दें तो भी हमारे लिए बहुत बड़ी उपलब्धि होगी इस पर हमें विशेष ध्यान देना चाहिए कि पेड़ काटे ना इस पर हमें ध्यान देना चाहिएजिला पंचायत परिसर और आसपास के क्षेत्रों में नीम, पीपल, बरगद जैसे सैकड़ों छायादार और पर्यावरण-अनुकूल पौधे रोपे गए। यह अभियान न केवल हरियाली बढ़ाने में सहायक होगा, बल्कि क्षेत्र में जैव-विविधता को भी संरक्षित करेगा।उपस्थित नागरिकों ने पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक के उपयोग में कमी लाने का सामूहिक संकल्प लिया। इस शपथ ने लोगों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना को और मजबूत किया।भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्रकार के मार्गदर्शन और जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर की सहभागिता ने इस कार्यक्रम को गरियाबंद जिले में पर्यावरण जागरूकता की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। यह आयोजन न केवल पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को प्रेरित करने में सफल रहा। बल्कि स्थानीय समुदाय को एकजुट कर हरित और स्वच्छ भविष्य की ओर कदम बढ़ाने का संदेश भी दे गया।

# महेश कश्यप ने राहत शिविर भवन का लोकार्पण किया



**बीजापुर,6 जून।** बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप ने बीजापुर प्रवास के दौरान बीजापुर मुख्यालय में 296.77 लाख रूपए की लागत से नवनिर्मित राहत शिविर भवन का लोकार्पण किया।सांसद श्री कश्यप ने लोकार्पण पश्चात भवन की गुणवत्ता का अवलोकन भी किया। इस दौरान राहत शिविर भवन के प्रांगण में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में एक पेड़ मां के नाम अर्न्तगत पौधरोपण भी किया। सांसद श्री कश्यप के अलावा क्षेत्रीय विधायक श्री विक्रम शाह मण्डावी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती जानकारी कोरसा सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों, कलेक्टर श्री संबित मिश्रा, प्रभारी वन मंडलाधिकारी, श्री संदीप बल्गा सहित जिला, वन एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी पौधरोपण किया।बस्तर सांसद श्री कश्यप ने पर्यावरण को बचाने एवं संतुलित रखने के लिए पौधरोपण के साथ-साथ उसके समुचित देखभाल करने की समझाइस भी देते हुऐ पर्यावरण के लिए प्रत्येक पेड़ों की महत्ता को बताया। इस दौरान जनप्रतिनिधिगण एवं वरिष्ठ अधिकारीगण एवं मीडिया प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# देवभोग के सभी स्कूलों में शिक्षक की नियुक्ति,मैनपुर के 13 स्कूल अब भी एकल शिक्षकीय



गरियाबंद, 6 जून। शासन के निर्देशानुसार शालाओं एवं शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया 03 जून तक की गई । इसी तारतम्य में आज कलेक्टर बी.एस. उईके ने प्रेसवार्ता में जिले में हुए सम्पन्न हुए युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शासन के नियमानुसार युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया पूर्ण हो गई है। साथ ही नियमानुसार अतिशेष शिक्षकों की पदस्थापना भी कर दी गई है। उन्होंने कहा कि गरियाबंद जिले में 01 से 03 जून के मध्य विभिन्न शिक्षक संवर्गों के अतिशेष शिक्षकों की ओपन काउंसलिंग के तहत युक्तियुक्तकरण करते हुए रिक्त स्थान वाले शालों में पदस्थापना आदेश जारी की गई है। छुरा विकासखंड के विकासखंड शिक्षा अधिकारी पर लगातार युक्ति युक्त कारण कि गलत जानकारी देने के शिकायत पाई गई थी पर जांच किया गया जिसमें जांच सही पाये जाने पर उनके विरुद्ध विधिवत्त नीयमानुसर निलंबन की कार्यवाही की जा रही है विशेष कर छुरा विकासखंड में इस तरह की शिकायतें अत्यधिक पाई गई है कई गलत जानकारी के चलते वर्तमानरिक्त पद कहीं और थी किंतु पद स्थापना कहीं और कर दिया गया है इस तरह विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने युक्ति युक्त कारण की जो जानकारी जिला शिक्षा कार्यालय को भेजा उसमें अनेक खामियां पाई गई है। युक्तियुक्तकरण से पूर्व मैनपुर के दूरस्थ क्षेत्रों में 6 शिक्षकविहीन एवं 69 एकल शिक्षकीय शाला थे, जिसमे शिक्षकों की पूर्ति हो गई है, अब सिर्फ 13 शाला एकल शिक्षकीय बच गये हैं।

### मजदूरों की पिकअप पेड़ से टकराई, 1 की मौत

**गरियाबंद, 6जून।** छत्तीसगढ़ में लोग दुर्घटनाओं से सबक नहीं ले रहे हैं. रोक के बावजूद पिकअप में श्रमिक ढोए जा रहे हैं. गरियाबंद जिले में शुक्रवार को दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है. मजदूरों से भरी पिकअप अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई. बारूका मोड़ के पास हुए भीषण हादसे में 1 मजदूर की मौत हो गई है. वहीं 3 लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है. जानकारी के अनुसार, केबल बिछई कार्य में लगे 7 श्रमिक पिकअप में सवार होकर पोंड से गरियाबाद की ओर आ रहे थे।

### डीएमएफ के शासी परिषद की बैठक में 131 करोड़ की कार्ययोजना अनुमोदित



**बीजापुर, 6 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप की उपस्थिति में आयोजित जिला खनिज संस्थान न्यास डीएमएफ के शासी परिषद की बैठक में विभिन्न विकास कार्यो के लिए 131 करोड़ की राशि का अनुमोदन किया गया।बैठक में कलेक्टर सह शासी परिषद के पदेन अध्यक्ष श्री संबित मिश्रा ने डीएमएफ के तहत जिले को 2016-17 से अब तक कुल प्राप्त राशि एवं व्यय के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।कलेक्टर श्री मिश्रा ने बीजापुर जिले के भौगोलिक कठिनाईयों के बावजूद डीएमएफ राशि के बेहतर प्रबंधन करते हुऐ उल्लेखनीय कार्यो से भी अवगत कराते हुऐ पीपीटी के माध्यमसे प्रस्तुतिकरण दिए।बीजापुर जिले के समग्र विकास हेतु सर्वोच्च प्राथमिकता के क्षेत्र में वर्तमान सत्र में विभिन्न सेक्टर में किए जाने वाले कार्यों से अवगत कराया। वहीं डीएमएफ के शासी परिषद के नवीन सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों की वस्तुस्थिति को अवगत कराया।सांसद श्री महेश कश्यप ने जिला प्रशासन द्वारा प्रस्तुत कार्य योजना को जिले के विकास के लिए कारगर बताते हुऐ कहा कि अंदरूनी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जिला प्रशासन द्वारा बेहतर कार्य किया जा रहा है। बीजापुर जिला अब राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रही है।जनहित के विकास कार्यो को अंदरूनी क्षेत्रों में पहुंचाने एवं आवश्यक निर्माण संबंधी कार्यो की जानकारी स्थानीय जनप्रतिनिधियों सरपंच, पंच को अवगत अवश्य कराए ताकि जनप्रतिनिधियों के संज्ञान में रहने से बेहतर तरीके से और पारदर्शिता के साथ कार्य पूर्ण हो सके। बिजली, पानी, सड़क, स्कूल, आंगनबाड़ी जैसे मूलभूत सुविधाएं ग्रामीणों को गुणवत्तापूर्वक मिले इसके लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

### पंचायत में काम बंद की शिकायत सांसद से की

**बीजापुर, 6 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कर्मचारियों ने सांसद से बताई आप बीती, कहां हफ्ते भर से बंद है पंचायत के कार्य घटना की विस्तृत जानकारी देते हुए करवाई कि मांग की गइ बस्तर सांसद बीजापुर प्रवास के दौरान कर्मचारियों ने भाजपा कार्यालय में



मिलकर मनरेगा तकनीकी सहायक संतोष कुंजाम एवं उसका पटनम सचिव बाबूराव के साथ एस डी ओ पी बृज किशोर यादव द्वारा किए गए मारपीट की विस्तृत जानकारी देते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की।सचिव संघ के कर्मचारी नेता कोमल सिंह निषाद ने सांसद को बताया कि घटना के सप्ताह भर बाद भी अभी तक एफ आई आर दर्ज नहीं कि गई है। जिसके कारण पंचायत कर्मी सभी हड़ताल में है पंचायत के सभी काम पूरी तरह से बंद है।सांसद महेश कश्यप ने कर्मचारियों को कारवाई का विश्वास दिलाया।

# नकली बीज बनाने वाली फैक्ट्री पर कृषि विभाग ने मारा छापा



**अंबिकापुर, 6 जून।** अंबिकापुर जिला प्रशासन और कृषि विभाग ने मिलकर धान और मक्के के नकली बीज बनाने वाली फैक्ट्री का पर्दाफाश किया है। विभाग ने फैक्ट्री पर अचानक छापा मारकर नामी कंपनियों के पैकेटों में नकली बीज बरामद किया है। बाजार से साधारण धान और मक्का लाकर उसे कैमिकल रंगों की मदद से नकली बीज बनाया जा रहा था।

अंबिकापुर में नकली धान और मक्का बीज के अवैध कारोबार का राजफाश हुआ है। अंबिकापुर के गंगापुर इलाके में जिला प्रशासन और कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने एक अवैध नकली बीज निर्माण और पैकिंग फैक्ट्री पर छापा मारकर भारी मात्रा में नकली धान और मक्के के बीज बरामद किए हैं।

बता दें कि छापे के दौरान फैक्ट्री से हजारों तैयार पैकेट, पैकिंग सामग्री, सीलिंग मशीन, केमिकलयुक्त रंगीन तरल और नामी बीज कंपनियों नकली पैकेट बरामद किए गए। कुछ पैकेट खाली थे तथा कुछ पैकेटों में बीज भरा हुआ था। आशंका जताई जा रही है कि यह नेटवर्क लंबे समय से सक्रिय था और बड़ी मात्रा में नकली बीज बाजार में खप चुके हैं। इससे किसानों को भारी नुकसान होने की संभावना है।

जानकारी के अनुसार, तहसीलदार उमेश कुमार बाज और कृषि विभाग की टीम को सूचना मिली थी कि गंगापुर क्षेत्र में नकली बीज की एक फैक्ट्री संचालित हो रही है। सूचना की पुष्टि होते ही टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए फैक्ट्री पर छापा मारा। छापे के वक्त फैक्ट्री के बाहर एक ट्रक खड़ा था। इस ट्रक से 750 बोरी धान मंगाए गए थे। धान की बोरियों को रायगढ़ के सरिया और चंद्रपुर से लोड किया गया था।

इसी प्रकार स्थानीय धान से नकली बीज तैयार करने के खेल की पुष्टि जांच के दौरान हुई। फैक्ट्री के भीतर बड़े पैमाने पर नकली बीजों की पैकिंग की जा रही थी। धान और मक्के को रंगीन केमिकल में डुबोकर उन्हें नया और आकर्षक दिखाया जा रहा था, फिर इन्हें नामी कंपनियों के खाली पैकेटों में भरकर सील किया जा रहा था।

### प्रयास बालक एवं कन्या आवासीय विद्यालय के कक्षा 9वीं प्रवेश परीक्षा परिणाम घोषित

**बीजापुर, 6 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** परीक्षा में सम्मिलित होने वाले समस्त विद्यार्थी एवं पालकों को सूचित किया जाता है कि शिक्षण सत्र 2025-26 के अंतर्गत प्रयास बालक एवं कन्या आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9 वीं में प्रवेश हेतु आयोजित प्राक्कयन परीक्षा का परिणाम विभागीय वेबसाईट www.eklavya.cg.nic.in पर उपलब्ध कराया गया है। परीक्षा परिणाम का अवलोकन विभागीय वेबसाईट www.eklavya.cg.nic.in पर किया जा सकता है। साथ ही किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास बीजापुर में 10 जून 2025 तक दावाआपत्ति जमा कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### कोरोना के संभावित खतरे को लेकर रायगढ़ मेडिकल कॉलेज ने किया मॉक ड्रिल

**रायगढ़, 6 जून।** रायगढ़ मेडिकल कॉलेज में कोरोना के संभावित खतरे से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान डमी मरीज को एम्बुलेंस के माध्यम से अस्पताल लाकर चिकित्सक ने कोरोना का उपचार किया गया।देश के अन्य राज्यों के साथ छत्तीसगढ़ में भी कोरोना कुछ केस पाये गये है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर स्व.श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध संत बाबा गुरु घासीदास जी स्मृति शासकीय चिकित्सालय रायगढ़ में कोरोना के संभावित खतरे और आपात स्थिति से निपटने को लेकर आज मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान कोरोना से संक्रमित डमी मरीज को एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचते ही अस्पताल प्रशासन हरकत में आ गया। मरीज को एम्बुलेंस से उतार कर पीपीई किट पहने स्वास्थ्य कर्मी ऑक्सीजन सिलेंडर युक्त स्ट्रेचर में लेटाकर वर्तमान में चिन्हांकित 24 बेड आइसोलेशन वार्ड लेकर गये, जहां पूर्व से मौजूद पीपीई किट लेस चिकित्सक, स्टाफ द्वारा सबसे पहले ऑक्सीमीटर से उक्त मरीज के ऑक्सीजन स्तर की जांच की गई। शामिल डॉ विकास पटेल, श्रीमती अमरशीला स्टाफ नर्स, विनोद मसीह, किशोर प्रधान, कमलेश साहू, रघु नाथ शर्मा, दीपक जांगड़े, बुधराम, भूषण वर्मा, पुरुषोत्तम, भागीरथी, अंजू और कमला शामिल रहे।

### धूम्रपान निषेध दिवस पर निकली जनजागरूकता रैली

**रायगढ़, 6 जून।** समाज कल्याण विभाग, रायगढ़ के द्वारा संचालित नवजीवन नशा मुक्ति केन्द्र, कौहाकुण्डा रायगढ़ में 31 मई को अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध के अवसर पर जनजागरूकता रैली निकालते हुए नशा विरोधी नारे लगाकर लोगों को जागरूक किया गया। रैली की समाप्ति में नवजीवन नशामुक्ति केन्द्र में भर्ती नशे के आदि व्यक्तियों को धम्रपान, तम्बाखू के नशे से होने वाली बीमारियों एवं घातक दुष्परिणामों के बारे में सचेत करते हुए इसके सेवन करने हेतु समाज कल्याण विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा शपथ ग्रहण करवाया गया।



विश्व पर्यावरण दिवस

# एक पेड़ मां के नाम पर्यावरण की हरियाली बढ़ाने के साथ ही प्रकृति के करीब लाने की पहल : महापौर



रायगढ़, 6 जून। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज न्यायिक कर्मचारी आवासीय परिसर स्थित गार्डन में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान महापौर श्री जीवर्धन चौहान, सभापति श्री डिग्री लाल साहू, कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी, पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल, आयुक्त नगर निगम श्री बृजेश क्षत्रिय एवं डीएफओ रायगढ़ श्री अरविंद पीएम ने जामुन एवं कटहल के पेड़ लगाए।महापौर जीवर्धन चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मंशानुरूप विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम लगाया गया है। इससे प्रकृति की हरियाली के साथ ही पर्यावरण को स्वच्छ एवं वातानुकूलित बनाए रखने में मदद मिलेगी। इस अभियान का उद्देश्य लोगों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति एक पेड़ अपने माता-पिता के नाम लगाते है, तो न केवल यह पर्यावरण की हरियाली बढ़ाने में सहायक होगा, बल्कि भावनात्मक रूप से भी लोगों को प्रकृति के करीब लाया जा सकेगा।सभापति श्री डिग्री लाल साहू ने कहा कि यह पहल न केवल प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी को दर्शाती है, बल्कि यह भावनात्मक जुड़ाव से भी जुड़ी हुई है, जिस प्रकार मां हमें जीवन देती हैं, उसी प्रकार एक वृक्ष भी हमें शुद्ध वायु, छाया और जीवनदायिनी ऊर्जा प्रदान करता है। पेड़ लगाने से कई लाभ होते हैं।

# पुलिस ने 3 शराब तस्करों को 48 पेटी शराब के साथ पकड़ा



**भिलाई, 6 जून।** भिलाई स्मृतिनर पुलिस ने तीन शराब स्करों को पकड़ा है बताया कि मध्यप्रदेश की शराब बस्तर में लंबे समय से सप्लाई हो रही थी पुलिस ने तीन शराब तस्करों से कुल 48 पेटी गोवा अंग्रेजी शराब (मध्य प्रदेश निर्मित ), एक इनोवा कार, एक कार टोएटा एवं 2 मोबाइल आई. फोन, 2 मोबाइल को जब्त किया है स्मृतिनगर चौकी पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति इनोवा कार में मध्य प्रदेश से शराब लाकर बस्तर जगदलपुर में ब्रिकी करता है सूचना पर टीम गठित कर स्मृतिनगर स्थित मनोहर चाय के बाजू में मेन रोड़ पर एक किराये के मकान में दबिश दी। जहां पर शौर्य सिंह सेक्टर - 7 निवासी नामक व्यक्ति मिला, इसके पास इनोवा कार ,एक कार टोएटा में कुल 46 पेटी गोवा अंग्रेजी शराब बरामद किया गया बरामद शराब के संबंध में पूछताछ करने पर म.प्र. से लाकर लोहाण्डीगुड़ा बस्तर में ले जाकर ब्रिकी करना बताया थाना सुपेला चौकी स्मृति नगर में धारा 34(2) आबकारी एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया है शराब तस्करी करने वालों पर नकेल कसने के लिए कार्रवाई करते हुए आरोपी शौर्य सिंह को पुलिस ने सादी वर्दी में लांजी रोड़ काली माटी ले गए। पूर्व की भांति शराब लेने के लिए फोन कराया गया तो रामनिवास राव काली माटी थाना पुरानी छावनी जिला ग्वालियर (म.प्र) पास आया और इनोवा गाड़ी को देखकर पैसा एवं गाड़ी का चाबी लेने इनोवा के पास आया, जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा अंधेरे का फायदा उठाकर उसके कुछ साथी भाग गए रामनिवास रावत से पूछताछ करने पर शौर्य सिंह को शराब देने के लिए गाड़ी लेने आना बताया जिसे गिरफ्तार किया गया है शौर्य सिंह को साथ लेकर कोण्डागांव के पास गये और पुलिस पार्टी ने इनोवा कार में 20 पेटी एप्पी फ्रीज को रखकर चादर से ढका गया था, जिसे देखकर शराब खरीदी करने वाला तुलसी सेठिया निवासी लोहड़ीगुड़ा थाना भानपुरी जिला बस्तर इनोवा कार के पास आया तो उसे घेराबंदी कर पकड़ा गया पूछताछ पर एक सप्ताह पूर्व शौर्य सिंह से 30 पेटी गोवा शराब खरीदी करना बताया जिसमें से 02 पेटी शराब को अपने घर में रखना बताया है

# राज्यपाल ने स्कूलों और आंगनबाड़ियों में जल संरक्षण,पौधारोपण पर जोर दिया

**गरियाबंद,6 जून ।** राज्यपाल श्री रमेश डेका ने आज अपने दो दिवसीय गरियाबंद जिला प्रवास के दूसरे दिन अपने गोद ग्राम पंचायत बिजली के आश्रित गांव मड़वाडीह का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने एक पेड़ मां के नाम 2.0% अभियान के तहत स्कूल परिसर में आम का पौधा लगाया और सभी ग्रामीणों से जल संरक्षण तथा पर्यावरण बचाव के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील की।

राज्यपाल श्री डेका ने गांव के सरपंच, पंच और ग्रामीणों के साथ आवश्यक चर्चा की। उन्होंने बिजली ग्राम पंचायत को गोद लेने के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए गांव के सर्वांगीण विकास के लिए तैयार किए जाने वाले रोडमैप की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मड़वाडीह की कम जनसंख्या के कारण पूरे बिजली ग्राम पंचायत को गोद लिया गया है, जिससे मड़वाडीह सहित पूरे पंचायत का समग्र विकास सुनिश्चित होगा। उन्होंने इस गांव को गवर्नर ग्राम घोषित करते हुए कहा



कि यहां केंद्र और राज्य की सभी प्रमुख योजनाओं का लाभ हर ग्रामीण तक पहुंचाया जाएगा।राज्यपाल ने शुरुआती तीन महीनों के लिए एक प्रोजेक्ट बनाकर उसकी प्रगति की समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के समन्वय से ग्राम पंचायत में अच्छे कार्यों को क्रियान्वित करने पर जोर दिया। साथ ही, सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के तहत जनप्रतिनिधियों से भी इसमें जुड़ने का आग्रह किया।राज्यपाल ने गांव के सर्वांगीण विकास के लिए सबसे महत्वपूर्ण कार्यों की प्राथमिकता तय करने और उन्हें क्रियान्वित करने पर बल दिया। उन्होंने गांव में एक ओपन जिम लगाने की घोषणा की, जिसका उपयोग ग्रामीण अपने स्वास्थ्य को बेहतर रखने में कर सकेंगे। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि गांव के विकास में उनकी भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होगी, और आने वाले समय में यह गांव एक आदर्श गांव के रूप में विकसित होगा।उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए बताया कि गांव की मुख्य मूलभूत समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण किया जाएगा।

### धरमजयगढ़ काष्ठागार में कई प्रजाति के पौधे रोपे गए

**रायगढ़, 6 जून।** धरमजयगढ़ वनमंडल द्वारा आज विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना से हुई। मौके पर काष्ठागार प्रांगण में नीम, गुलमोहर आदि प्रजाति के पौधों का रोपण करते हुए एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत की गई।इस दौरान वनमंडलाधिकारी धरमजयगढ़ श्री जितेन्द्र कुमार उपाध्याय ने पर्यावरण एवं वन्यजीवों के संरक्षण के संबंध में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी है। वर्तमान समय में सभी को अपने-अपने स्तर पर पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रयास की जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक जो एक गंभीर प्रदूषण के रूप में उभरकर सामने आ रही है, उसको भी धीरे-धीरे अपने दिनचर्या की क्रियाकलापों में कम से कम उपयोग करें। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण एवं वन्यप्राणियों के संरक्षण के संबंध में विभिन्न चलचित्रों के माध्यम से उपस्थित बच्चों एवं जनसामान्य को जागरूक किया गया।

# जिले में बेहतर पर्यावरण के लिए उद्योग तैयार करें रोडमैप:कलेक्टर



**रायगढ़, 6 जून।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में उद्योगों और खदानों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने कहा कि रायगढ़ एक औद्योगिक जिला है। यहां बहुत से उद्योग संचालित है। ये जिले और प्रदेश के विकास और रोजगार सृजन में योगदान देते हैं। लेकिन इनका असर यहां के पर्यावरण पर भी होता है। इसलिए यह सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि एक ऐसा इकोसिस्टम तैयार किया जाए जो पर्यावरण के लिहाज से बेहतर और प्रभावी हो। इसके लिए हमें मिलकर रोडमैप तैयार करना होगा।कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने औद्योगिक प्रक्रियाओं में स्वच्छ प्रौद्योगिकी को अपनाने और गैर परंपरागत ऊर्जा उपयोग को बढ़ावा देने की बात कही। उन्होंने विशेष रूप से स्पंज आयरन उद्योगों में क्लीन एनर्जी माध्यमों पर निर्भरता बढ़ाने के लिए कहा। जो न केवल पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से अनुकूल होगा बल्कि परंपरागत ऊर्जा स्त्रोतों से निकलने वाले अपशिष्ट और उसके निपटान की चुनौतियों को कम करेगा। सभी स्पंज आयरन एवं पॉवर प्लांट उद्योगों को स्वच्छ ईंधन तथा वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोतों सोलर पॉवर, प्राकृतिक गैस तथा बायोमास पैलेट आदि का समावेश अपनी औद्योगिक प्रक्रिया में कर कार्बन उत्सर्जन को कम करना चाहिए।

# पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा नेवरा, 6 जून।** नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा द्वारा ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कालेज रोड स्थित कृष्ण कुंज में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ किए गए एक पेड़ मां के नाम पहल के अंतर्गत चलाया गया, जिसका उद्देश्य पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा मातृत्व और प्रकृति के प्रति सम्मान प्रकट करना है।नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रकला वर्मा ने कहा की आज विश्व पर्यावरण दिवस है। ये दिन हमें पर्यावरण को बचाने और इसके प्रति जागरूक होने की याद दिलाता है। पर्यावरण हमारा घर है जिसमें हवा, पानी, पेड़-पौधे और जीव-जंतु शामिल हैं। लेकिन आज हमारा पर्यावरण कई खतरों का सामना कर रहा है। बढ़ता प्रदूषण, पेड़ों की कटाई, और जलवायु परिवर्तन हमारी धरती को बीमार कर रहे हैं। आज का दिन हमें याद दिलाता है कि हमारी धरती की देखभाल हम सबकी साझा जिम्मेदारी है।

भाजपा जिला महामंत्री अनिल अग्रवाल ने कहा की आज देश में जो ऑक्सीजन की कमी के कारण आफत आई है उसमें कहीं न कहीं पर्यावरण के असंतुलित होने से यह समस्या उत्पन्ना हुई है। हमारे देश के अधिकांश जंगल खत्म होने की कगार पर है। हमें जंगलों एवं पर्वतों को संरक्षित कर पर्यावरण को संतुलित करना है। आप अपने तथा परिवार के मांगलिक कार्यक्रम में एक पौधा जरूर लगाएं एवं उन्हें बड़ा करने का संकल्प ले वृक्षारोपण

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मुख्य नगर पालिका अधिकारी अनीस ठाकुर, मनोज निषाद, सौरभ जैन, ईश्वर यदु, ग्वालिन बाई, प्रेम कोसले, नगर पालिका तिल्दा नेवरा केपार्षदगण, अधिकारी कर्मचारी गण, भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता तथा भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# चावल उत्सव: अब तक 40 हजार से अधिक राशन कार्डधारियों को मिला तीन माह का एकमुश्त चावल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 6 जून।** राज्य शासन द्वारा राशन कार्डधारी परिवारों को जून, जुलाई और अगस्त का चावल एक साथ प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। इस विशेष अवसर पर राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में 1 से 7 जून तक चावल उत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

जिले में अब तक 40848 राशन कार्डधारियों तीन माह का चावल एकमुश्त वितरण किया गया है।

खाद्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 376111 राशन कार्डधारी हैं जिसमें से 40848 राशन कार्डधारियों को तीन महीने का चावल एकमुश्त वितरण किया जा चुका हैं। चावल वितरण हेतु जिले के सभी 570 शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में चावल का अग्रिम आवंटन कर दिया गया है एवं भण्डारण भी तेजी से जारी हैं।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार बरसात के मौसम में हितग्राहियो को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से बरसात पूर्व तीन माह का चावल एक मुश्त देने का निर्णय लिया है।

चावल उत्सव के दौरान सम्बधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी हितग्राहियों को सुगमता से चावल वितरित करने के लिए विशेष प्रयास किया जा रहा है।

## एक नजर

### जिला मेडिकल बोर्ड का आयोजन 10 जून को

**बलौदाबाजार, 6 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार में 11 जून को कबीर जयंती की शासकीय अवकाश होने कारण जिला मेडिकल बोर्ड का आयोजन 10 जून मंगलवार को प्रातः 10 बजे से आयोजित होगी।

### आपदा पीड़ित परिवार को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार, 6 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवार के लिए 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया है। उन्होंने मृतक के वैध वारिसान के बैंक खाते में उक्त राशि जमा कराने के निर्देश सम्बंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी को दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोनाखान तहसील अंतर्गत ग्राम छतवन निवासी लोचन ठाकुर पिता बरसाती लाल ठाकुर की तालाब में डूबने से मृत्यु हो गई थी। राजस्व पुस्तक परिपत्र खंड 6-4 के प्रावधान के अनुसार मृतक के निकटतम वैध वारिसान पिता बरसाती लाल ठाकुर पिता खोरबहरा ठाकुर को 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया गया।

### मौसमी बीमारियों से निपटने अस्पतालों में हो पुख्ता इंतजाम : कलेक्टर

**बलौदाबाजार, 6 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दीपक सोनो ने मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में समय -सीमा की बैठक में विभागीय कार्यो की समीक्षा की।उन्होंने आगामी बारिश के मौसम में आम तौर पर होने वाले मौसमी बीमारियों से निपटने के लिए सभी अस्पतालों में पर्याप्त दवाई सहित अन्य आवश्यक इंतजाम दुरुस्त रखने तथा अलर्ट रहने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिये। कलेक्टर ने कहा कि उप स्वास्थ्य केंद्रों में भी सभी जरुरी व्यवस्थाएं हो तथा मैदानी अमलों को सक्रिय करें। मितानिनो की दवा पेटी में निर्धारित दवाईयां उपलब्ध हो। उन्होने कहा कि स्वास्थ्य विभाग कॉम्बैट टीम को भी अलर्ट रखें ताकि जरुरत के मुताबिक तत्काल स्थल पर आवश्यक सेवाएं प्रदान की जा सके। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को सभी पानी टांकियों की सफाई एवं वाटर टेस्टिंग कराने के निर्देश दिये। उन्होंने स्पष्ट रुप से निर्देश दिये कि पेयजल के कारण कहीं बीमारी फैलती है तो पीएचई के अधिकारी पर कार्यवाही होगी। उन्होंने बरसात में नदी- नालों में बाढ़ से निपटने के लिए बाढ़ आपदा नियंत्रण टीम को भी अलर्ट रहने कहा है। इसके साथ ही जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को बाढ़ की सूचना तत्काल देने के निर्देश दिये।

### बेतरतीब पार्किंग पर की कार्रवाई

**कोरबा, 6 जून।** ट्रैफिक पुलिस ने बीती रात यहां के व्यस्त इलाकों में उन गाडियों को जब्त करने के साथ पेनाल्टी लगाई जिन्हें अवैध रूप से सडक़ के आसपास पार्क कर दिया गया था। लोगों की आपत्ति और पुलिस ने खुद स्थिति का जायजा लेने के साथ यह कार्रवाई की। पीएच रोड से लेकर टीपी नगर और अन्य क्षेत्रों में ट्रैफिक की टीम संसाधनों के साथ पहुंची और इस कार्रवाई को अंजाम दिया। इस कार्रवाई को एएसआई रामनारायण रात्रे, ईश्वरी लहरे, मनोज राठौर, हेड कांस्टेबल संतोष सिंह, नीतू श्रीवास्तव, सुभाष, आशीष, पवन, लखन, मेहमान कुर्रे, राम पाटिल, जितेश, लीलाधर चंद्र और अरुण दिलेश्वर ने अंजाम दिया। यह कार्रवाई आगे भी होगी।

## अवैध प्रवासियों की पतासाजी के लिए टीम बनाकर चलाया जा रहा विशेष चेकिंग अभियान

# दस्तावेजों की जांच कर लिए गए 1115 संदेहियों के फिंगरप्रिंट

- संदेहियों के मूल निवास, आजीविका के साधन एवं परिवार के अन्य सदस्यों के संबंध में पूछताछ कर ली गई विस्तृत जानकारी
- फिंगरप्रिंट लेने के अतिरिक्त इन लोगों के स्थाई निवास, आधार कार्ड आदि दस्तावेजों की भी की जा रही तस्दीक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 6 जून।** जिले में अवैध/अनाधिकृत रूप से प्रवासियों की संभावना हो सकती है। सांस्कृतिक, जातीय बोलचाल, रहन-सहन में समानताएं होने के कारण कई बार ऐसे प्रवासियों पर ध्यान नहीं दिया जाता। ऐसे अवैध प्रवासी नागरिक अधिकारों का उल्लंघन करने के साथ-साथ गंभीर सुरक्षा की चुनौतियां भी पैदा कर सकते हैं। पुलिस द्वारा कानून संबंध प्रक्रिया के तहत ऐसे तत्वों की पहचान अति आवश्यक है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में जिले में अवैध/अनाधिकृत प्रवासियों की गहन जांच एवं पहचान के लिए जिले के समस्त थाना चौकी क्षेत्र अंतर्गत विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। जिले में अवैध रूप से बांग्लादेशी/रोहिंग्यो घुसपैठियों की पहचान कर उनके विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के लिए विशेष टीम गठित कर जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में दबिश देकर प्लांट एरिया, फैक्ट्री/लकड़ी चालों, भीड़-भाड़ वाले रहवासी क्षेत्रों, रहने वाले किरायेदारों, वनांचल क्षेत्रों के फार्म हाउस आदि को चेक किया गया।

चेकिंग के दौरान बलौदाबाजार अनुविभाग अंतर्गत विशेष रूप से जिले के सीमेंट संयंत्रों न्यू विस्टा, अंबुजा एवं न्यूवोको संयंत्र में कार्यरत एवं इन संयंत्र के आसपास क्षेत्र में निवासरत ठेका कर्मियों की जांच तस्दीक उनके फिंगरप्रिंट लिए गए है। इस दौरान मानव कॉलोनी रवान, ग्राम रिसदा, सोनाडीह, रावन आदि क्षेत्रों में रहने वाले बाहरी प्रांत से आए श्रमिकों के आवश्यक दस्तावेज प्राप्त कर एवं उनके फिंगरप्रिंट लिया गया है। प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर उनके मूल निवास की जांच तस्दीक पृथक से की जा रही है।

इसी क्रम में भाटापारा अनुविभाग क्षेत्र अंतर्गत अल्ट्राटेक सीमेंट संयंत्र, सीमेंट, थाना हथबंद क्षेत्र अंतर्गत नवनिर्मित विभिन्न संयंत्रों, ग्राम बकुलाही स्थित रियल इस्पात संयंत्र, भाटापारा रेलवे स्टेशन के आसपास क्षेत्र एवं शहर क्षेत्र में स्थापित विभिन्न पोहा एवं दाल मिल में कार्यरत श्रमिकों के संबंध में विस्तृत पूछताछ कर उनके फिंगरप्रिंट लिए गए हैं। कसडोल अनुविभाग अंतर्गत वनांचल राजादेवरी, बया क्षेत्र में स्थित फार्म हाउस में कार्यरत मजदूर एवं श्रमिकों के संबंध में जानकारी लेकर उनका फिंगरप्रिंट लिया गया है। इसके साथ एक गिरौदपुरी मंदिर क्षेत्र में आने वाले ठेला, खोमचा लगाने वाले बाहरी प्रांत के लोगों के भी दस्तावेज प्राप्त किए गए हैं।

संपूर्ण प्रक्रिया में पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र अंतर्गत ठेला, खोमचा, रोड किनारे विभिन्न फुटकर की दुकान लगाने वाले लोगों, नेशनल हाईवे एवं सड़क मार्ग के किनारे दुकान लगाने वाले बाहरी लोगों से सभी पूछताछ कर उनके फिंगरप्रिंट लिए गए हैं। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा संपूर्ण जांच अभियान के तहत कुल 1115 लोगों के फिंगरप्रिंट लिए गए हैं। साथ ही इन सभी लोगों के आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड आदि प्राप्त कर उनके स्थाई निवास आदि की जांच तस्दीक हेतु उनके मूल निवास जिले में भी पत्राचार किया गया है। अभी तक की संपूर्ण जांच प्रक्रिया में किसी भी प्रकार से अवैध प्रवासी की जानकारी प्राप्त नहीं हुई है। जिले में पुलिस टीमों द्वारा अवैध/अनाधिकृत प्रवासियों के संबंध में जांच अभियान प्रक्रिया लगातार जारी है।

# भाटापारा की अभिलाषा झा मिसेज इंडिया क्लासिक की रनरअप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 6 जून।** मैग्नेटो मॉल में मिस, मिसेज़ मिस्टर क्लासिक का ग्रैण्ड फिनाले हुआ।इसमें देशभर से 30 प्रतिभागियों ने अपना टैलेंट दिखाया। फिनाले के पहले 2 अलग-अलग राउंड में100 से ज़्यादा प्रतिभागी शामिल हुए थे। मिस्टर और मिस कैटेगरी मे 18 से 25 मिसेस कैटेगरी में 30+ की उम्र कि महिला ने भाग लिया था 7 प्रतिभागियो को ट्रेडिशनल लुक और वेस्टर्न लुक में रैंप वॉक करना था और उसके बाद जजेस के सवालों का जवाब देना था। ट्रेडिशनल राउंड में महिलायो ने लहंगा और मिस ने अलग लुक का पोशाक पहना था वही मिस्टर कैटेगरी के प्रतिभागी इंडियन माइथोलॉजी लुक में नज़र आए। भाटापारा की अभिलाषा झा जो सितम्बर 24 में मिसेज़ छत्तीसगढ़ थी वो मिसेज़ इंडिया क्लासिक 2025 की दूसरी विजेता रहीं। मिस केटेगरी में सिमरन और मिस्टर केटेगरी में साहिल विजेता बने।

# मारवाड़ी युवा मंच ने मारवाड़ी मुक्तिधाम मे पौधारोपण किया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 6 जून।** मारवाड़ी युवा मंच ग्रेन सिटी शाखा भाटापारा ने विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून की सुबह को मारवाड़ी श्मशान घाट मुक्तिधाम भाटापारा में वृक्षारोपण किया जिसमें। आम आंवला नीम पीपल जामुन मालश्री (बकुल) आदि विभिन्न प्रकार के वृक्षों के पौधे लगाए और लोगों को पर्यावरण के लिए पौधे लगाकर वृक्ष तैयार करने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय अध्यक्ष प्रशांत गांधी शाखा अध्यक्ष कैलाश बंसल उपाध्यक्ष आशीष टोडर एवं विनोद अग्रवाल सहसचिव एवं कार्यक्रम संयोजक भावेश अग्रवाल के साथ गौरव बावला वैभव सांखला आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# घोघरा नाला में रेत का अवैध उत्खनन करते ट्रैक्टर पकड़ाया



**कोरबा, 6 जून।** जिले के केंदई वन परिक्षेत्र के कोरबी सर्किल में वन विभाग की टीम ने एक ट्रैक्टर चालक को रेत का अवैध उत्खनन कर ट्रॉली में भरते समय रंगे हाथों पकडक़र भारतीय वन अधिनियम की धाराओं के तहत कार्रवाई की है। विभाग द्वारा वाहन को भी जब्त कर लिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार वन विभाग के अधिकारियों को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कटघोरा वनमंडल अंतर्गत केंदई रेंज के कोरबी सर्किल में घोघरा नाला स्थित है जहां से रेत तस्करों द्वारा बड़े पैमाने पर गौण खनिज रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन जंगल के रास्ते किया जा रहा है। मुखबिर की सूचना को अधिकारियों ने गंभीरता से लिया और एक टीम गठित कर जांच करने के निर्देश दिए। अधिकारियों के निर्देश का जब वन विभाग की टीम ने घोघरा नाला में दबिश दी तो वहां एक व्यक्ति को ट्रैक्टर में रेत का अवैध उत्खनन कर उसे ट्रॉली में भरते पाया। पूछताछ में उसने अपना नाम सुरेंद्र पिता लाल सिंह गोंड़ निवासी ग्राम भदरा (छिनपुरी) बताया। वह ट्रैक्टर चलाता है। आरोपी से वनकर्मियों ने रेत के उत्खनन व परिवहन के संबंध में दस्तावेज देने को कहा तो वह पेश करने में विफल रहा, जिस पर ट्रैक्टर का तत्काल जब्त कर वन आवासीय परिसर मोरगा ले आया। आरोपी द्वारा वन अपराध स्वीकार किये जाने पर वाहन चालक व उसके मालिक के खिलाफ वन अधिनियम की धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है। पूछताछ में आरोपी ने यह भी बताया कि ट्रैक्टर मुरारीलाल जायसवाल नामक व्यक्ति की है जिसके कहने पर वह राखड़ ईंट भट्ठा में उपयोग करने रेत का उत्खनन कर ट्रैक्टर ट्रॉली में भर रहा था। अपराध को पकडऩे में वन कर्मी प्रहलाद सिदार, पंकज खैरवार, अशोक श्रीवास, रामप्रताप कुशवाहा, गंगाराम नेताम, प्रीतम पुराई एवं सुनील कुमार डिक्सेना की प्रमुख भूमिका रही।

# जनशिकायत का यह कैसा निराकरण : लवकुमार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 6 जून।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजनांदगॉव के कर्मचारियों के खिलाफ एक शिकायत लवकुमार रामटेके अधिवक्ता छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग एवं कलेक्टर राजनांदगांव से की थी. जिसे कलेक्टर ने जॉच हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजनांदगांव को ही दे दिया. जिसके बाद रामटेके ने आरोपी ही जॉचकर्ता अधिकारी हो सकता है कहकर एक शिकायत राज्यपाल छत्तीसगढ़ को की।

लम्बे समय तक आवेदन के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिलने पर रामटेके ने सूचना के अधिकार के महामहिम राजपाल के अवर सचिव से जानकारी मॉगी गई. प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व में प्रेषित शिकायत दिनॉक 20 फरवरी 2025 को निराकृत होने संबंधी जानकारी दी गई.

उक्त पत्र की जानकारी पुनः सूचना के अधिकार में ली गई तो मालूम हुआ कि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजनांदगॉव ने 20 फरवरी 2025 को पत्र कलेक्टर जनशिकायत शाखा राजनांदगॉव को भेज कर लिखा है कि उक्त शिकायत की जॉच जिला स्तर पर किया जाना उचित होगा।

जिसके बाद रामटेके ने सूचना के अधिकार के तहत कलेक्टर राजनांदगॉव को 20 फरवरी 2025 के पत्र पर की गई कार्यवाही की जानकारी की मॉग की गई तो डिप्टी कलेक्टर एवं जनसूचना अधिकारी राजस्व राजनांदगॉव ने बताया कि 20 फरवरी 2025 का पत्र आंग्ल अभिलेख कोष्ठ के आवक पंजी के अवलोकन से उक्त शिकायत शाखा को प्राप्त नहीं होना पाया गया।

# सूने मकान में लाखों की चोरी

**कोरबा, 6 जून।** जिले के शिवाजी नगर में एक सुने मकान को चोरों ने निशाना बनाया। चोर घर के आंगन में खड़ी आर्टिका कार और टीवीएस स्कूटी ले उड़े। इसके अलावा, घर के अंदर अलमारियां टूटी-फूटी मिलीं और सामान बिखरे हुए पाए गए। पूरा मामला शिवाजी नगर प्लॉट नंबर 269/10 का है। घर के मालिक मनोज कुमार पैकरा रायपुर में मत्स्य विभाग में संचालक के पद पर कार्यरत हैं। उनकी पत्नी सुनीता पैकरा कोरबा में शासकीय शिक्षिका हैं। पूरा परिवार अभी गर्मी की छुट्टी बिताने देहरादून-केदारनाथ की ओर गया हुआ है। सुबह जब मोहल्ले वालों ने देखा कि पड़ोसियों का ताला टूटा हुआ है और गाड़ियां भी खड़े नहीं हैं, तो उन्होंने पड़ोसी को कॉल किया। जब घर के अंदर जाकर देखा गया तो ताला टूटा हुआ था और सामान बिखरे हुए थे। आंगन में खड़ी गाड़ियां गायब थीं। पड़ोसियों ने मनोज कुमार पैकरा को कॉल किया और पूरी घटना की जानकारी दी। मनोज कुमार पैकरा ने अपने साले राजेश कुमार कंवर को पूरी घटना की जानकारी दी और पुलिस कंप्लेंट करने को कहा। राजेश कुमार तुरंत सिविल लाइन थाना पहुंचे और पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद सिविल लाइन थाना पुलिस जांच में जुट गई है।

## जिले में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस, जल संचयन की ली गई शपथ

# उत्कृष्ट कार्य करने वाली पंचायतें सम्मानित

- एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत मिनीमाता गार्डन में किया गया पौधारोपण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 6 जून।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम महाभियान अंतर्गत गुरुवार को मिनीमाता गार्डन मे वन विभाग एवं नगर पालिका बलौदाबाजार द्वारा वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर दीपक सोनी, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में पार्षद एवं अधिकारियों ने फलदार एवं छायादार पौधे लगाए। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी ने जल संरक्षण की शपथ दिलाई। मोर गांव, मोर पानी महाभियान अंतर्गत जल संचयन के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम पंचायत पनगांव, शुक्लाभाठा एवं गिंडोला के जल संचय वाहिनी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियो को पौधा वितरित किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर सोनी ने विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 5 जून को हर वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है।

इस बार जिला प्रशासन की टीम ने शहर को हरा -भरा बनाने के लिए कार्ययोजना बनाया है जिसमें तालाबों का सौन्दर्यीकरण एवं वृक्षारोपण किया जाएगा।


**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**छुरा, जिला- गरियाबंद (छ.ग.)**
**Email Id-SdmChhura.Gmail.Com**

प्रकरण क्रमांक .........
ग्राम-...............

**//उद्घोषणा//**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/भूमिस्वामी मनोज कुमार मारकण्डेय पिता श्री दीनदयाल मारकण्डेय निवासी ग्राम कुटेना तहसील छुरा के द्वारा ग्राम कुटेना प.ह.न. 35 तहसील छुरा जिला गरियाबंद (छ.ग.) में स्थित कृषि भूमि ख.न. 369/1 रकबा 0.19 हे. भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन में व्यपवर्तित किये जाने हेतु संहिता की धारा 172 के तहत् आवेदन प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 06.06.2025 के भीतर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि उपरांत प्राप्त होने वाले आक्षेप पर को सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 20.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया है।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**छुरा, जिला-गरियाबंद (छ.ग.)**

**नाम परिवर्तन**

मैं भूरसू राम दीवान पिता मंगलू राम दीवान, उम्र 39 वर्ष, निवासी- ग्राम घोड़ागांव, तह. कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव, छ.ग. का निवासी हूं।

मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं। मेरा वास्तविक सही नाम भूरसू राम दीवान (BHURSU RAM DIWAN) जो कि मेरे मतदाता परिचय पत्र नं. DFJ4363081, में अंकित है।

मेरे आधार कार्ड क्रं. 2748 0765 1458, में मेरा नाम त्रुटिवश मुरसु राम दिवान (MURSU RAM DIVAN) अंकित हो गया है।

मैं अपने आधार कार्ड क्रं. 2748 0765 1458, में मेरा वास्तविक सही नाम भूरसू राम दीवान (BHURSU RAM DIWAN) अंकित करवाना चाहता हूं।

यह शपथ पत्र में अपने आधार कार्ड क्र. 2748 0765 1458, में मेरा वास्तविक सही नाम भूरसू राम दीवान (BHURSU RAM DIWAN) अंकित किये जाने के समर्थन में प्रस्तुत कर रहा हूं।

**भूरसूराम**
**शपथकर्ता**

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**वि./यां. भारी संयंत्र संभाग, रूद्री जिला-धमतरी (छ.ग.)**
**ई प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
**eProcurement Portal: https://eproccgstate.gov.in**

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 26.06.2025 समय 17:30 तक ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| सिस्टम निविदा क्रमांक | निविदा सूचना क्रमांक एवं दिनांक | कार्य का नाम | निविदा की लागत (लाख में) | आमंत्रण का क्रमांक |
|---|---|---|---|---|
| 169661 | 01/व.ले.लि./ 2025-26 दिनांक 04.06.2025 | मुरूमसिल्ली बांध के एफ.आर.एल. सर्वेक्षण कार्य, बाउंड्री पत्थर लगाने का कार्य तथा प्रथम फाल के फ्लोर क्षेत्र का सुदृढ़ीकरण कार्य एवं दांई साइड गार्डन विकसित करने का कार्य। | 49.51 | प्रथम आमंत्रण |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ओर ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 12.06.2025 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।

**नोट :** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

**कार्यपालन अभियंता**
जी-252601376/4 **वि./यां. भारी संयंत्र संभाग रूद्री**

## एक नजर

### अज्ञात चोर ने 20 हजार डालर पर किया हाथ साफ

**रायपुर, 06 जून।** पुराना बस स्टेण्ड बीके ट्रेवल्स में रखे 20 हजार डालर के पार्सल को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सतीष जादवानी 45 वर्ष केके गर्ल हास्टल के पास न्यू राजेन्द्र नगर का रहने वाला है। प्रार्थी फाएक्स प्राइवेट लिमिटेड का डायरेक्टर है। प्रार्थी की कंपनी विदेशी मुद्रा अदली बदली का काम करता है। इसकी कंपनी द्वारा बीके ट्रेवल्स पुराना बस स्टेण्ड के माध्यम से नागपुर 20 हजार डालर पार्सल से भेजा था, जिसका कीमत करीब 17 लाख 30 हजार रुपए के आसपास है। जिसे अज्ञात चोर ने पार्सल बदल दिया। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### उद्योग भवन के पास खड़ी मेस्ट्रो पार

**रायपुर, 06 जून।** उद्योग भवन के पास खड़ी मेस्ट्रो को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अमर सिंह वाधवा 55 वर्ष जनता कालोनी न्यू राजेन्द्र नगर का रहने वाला है।

प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी मेस्ट्रो क्रमांक सीजी 04 एचडब्ल्यू 2858 को उद्योग भवन के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए मेस्ट्रो की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अवैध शराब के साथ युवक पकड़ाया

**रायपुर, 06 जून।** कोतवाली पुलिस ने गांधी मैदान के पास एक युवक को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 70 पाव अंग्रेजी शराब और बिक्री रकम 1950 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गांधी मैदान में दबिश देकर आरोपी रोहित सागर 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 70 पाव अंग्रेजी शराब और बिक्री रकम 1950 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 06 जून।** विधानसभा पुलिस ने ग्राम सेमरिया में चाकू लहराते एक युवक को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार विधानसभा पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम सेमरिया में एक युवक चाकू लेकर लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी विक्की भारती 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### बिलासपुर-कोरबा की महिला वॉलीबॉल खिलाड़ियों से राजधानी में छेड़छाड़ व मारपीट

**रायपुर, 06 जून।** राजधानी के डीडी नगर थाना क्षेत्र स्थित महादेव घाट इलाके में बीती रात बदमाशों ने एक बर्थडे पार्टी से लौट रही कुछ युवतियों के साथ पहले छेड़छाड़ की और विरोध करने पर बदमाशों ने उन्हें बेरहमी से पीटा। इस हमले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, पीड़ित युवतियां बिलासपुर और कोरबा जिले की रहने वाली वॉलीबॉल खिलाड़ी हैं और वे बुधवार राते महादेव घाट से बर्थडे पार्टी मनाकर लौट रही थीं।

तभी रास्ते में कुछ बदमाशों ने उनके साथ छेड़खानी शुरू कर दी। जब लड़कियों ने इसका विरोध किया, तो बदमाशों ने उन पर हमला कर दिया। इस दौरान एक बदमाश ने किसी धारदार चीज से एक लड़की की उंगली तक काट दी, और वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। इस घटना को लेकर डीडी नगर थाना क्षेत्र के पुरानी बस्ती सीएसपी राजेश देवांगन ने बताया कि पुलिस को युवतियों के साथ मारपीट की सूचना मिली है। घायलों का इलाज जारी है। हालांकि, अब तक पीड़ित पक्ष की ओर से कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। सीएसपी ने कहा है कि जैसे ही शिकायत मिलती है, आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## हिस्ट्रीशीटर रोहित तोमर के खिलाफ एक और एफआईआर दर्ज

# डरा-धमकाकर 1 करोड़ 16 लाख रुपये वसूलने का आरोप

**रायपुर, 6 जून।** हिस्ट्रीशीटर रोहित तोमर और विरेंद्र तोमर की मुश्किलें बढ़ती जा रही है. पुरानी बस्ती थाने में आरोपी रोहित तोमर के खिलाफ एक और एफआईआर दर्ज की गई है. प्रार्थी करण सोनी ने शिकायत में बताया कि उसने रोहित तोमर से 10 लाख रुपये उधार लिए थे, जो वापस लौटा दिए थे. इसके बावजूद आरोपी ने उसे डरा-धमकाकर 1 करोड़ 16 लाख रुपये वसूल लिए. पीड़ित ने रोहित के खौफ के चलते पहले शिकायत नहीं की थी. बता दें कि पुलिस ने भाठागांव स्थित साई विला में करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र तोमर और हिस्ट्रीशीटर रोहित सिंह तोमर के मकान पर छापा मारकर लाखों रुपए नकदी, सोने-चांदी के जेवर, लक्जरी गाड़ियां, अवैध हथियार, जमीनों के दस्तावेज, नोट गिनने की मशीन जब्त की थी. वहीं दिव्यांश तोमर भी पुलिस की गिरफ्त में है, जबकि अन्य आरोपियों फरार हैं. यह कार्रवाई पुराने आपराधिक मामलों और आर्थिक गड़बड़ियों की जांच के तहत की गई थी. पुलिस के मुताबिक दोनों



भाइयों पर हत्या और हत्या के प्रयास सहित 20 अपराध दर्ज हैं. तोमर बंधुओं के घर से 30 ब्लैंक चेक मिले हैं, जो अलग-अलग लोगों के हैं. दरअसल, आरोपित जिसे भी ब्याज में पैसे देते थे उनसे साइन करवा कर ब्लैंक चेक रख लेते थे. कुछ लोगों का बयान थाने में दर्ज किए गए हैं. जबरन चेक रखवाने की शिकायत दर्ज करवाई है.

### तोमर बंधुओं का आपराधिक इतिहास

वीरेंद्र सिंह तोमर और रोहित सिंह तोमर मूल रूप से उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं. रायपुर में पिछले कुछ वर्षों में दोनों भाई अपराध की दुनिया के बड़े चेहरों के रूप में उभरे हैं. दोनों भाइयों के खिलाफ मारपीट, ब्लैकमेलिंग, रंगदारी, और खारून नदी के घाट पर अवैध कब्जे जैसे गंभीर अपराधों के 10 से अधिक मामले दर्ज हैं. उनकी शुरुआत रेलवे स्टेशन पर पॉकेटमारी जैसे छोटे अपराधों से हुई थी, लेकिन धीरे-धीरे उन्होंने सूदखोरी, रंगदारी, और अवैध हथियारों के कारोबार में अपनी पकड़ मजबूत की.

### अपराध जगत से ऐसे बनाई अकूत संपत्ति

छोटे स्तर के अपराधों से शुरूआत करने वाले इन भाइयों ने न केवल रायपुर में अपनी जड़ें जमाईं, बल्कि सूदखोरी और रंगदारी के जरिए करोड़ों की संपत्ति अर्जित की. उनकी आलीशान कोठी, महंगी गाड़ियां, और भारी मात्रा में नकदी और सोने की बरामदगी इस बात का सबूत है कि अपराध का उनका नेटवर्क कितना संगठित और व्यापक हो चुका था. यह सवाल उठता है कि इतने बड़े स्तर पर आपराधिक गतिविधियां चलाने के बावजूद वे इतने समय तक कानून की पकड़ से बाहर कैसे रहे?

पांच महीने पहले म्यूल अकाउंट के जरिए ठगी के मामले में पुलिस ने कमल खट्टर को गिरफ्तार किया था. जांच में पता चला था कि आरोपित के नाम से कई गाड़ियां हैं. इसके बाद पुलिस ने 13 गाड़ियां तोमर बंधुओं के घर से जब्त की थी. नोटिस देकर उन्हें पूछताछ के लिए तलब भी किया गया था.

# युक्तियुक्तकरण: हाईकोर्ट में स्टे मिलने से शिक्षक संगठनों में खुशी की लहर

- 10 को जिले में, 13 को संभाग स्तर पर निकाली जाएगी रैली
- भर्राशाही के चलते सरकार ने 7 विभागों में स्थानांतरण नीति में किया संशोधन
- कर्मचारी संगठनों एवं कांग्रेस ने सरकार को आड़े हाथ लिया

**रायपुर, 06 जून।** शासन द्वारा शिक्षा गृह व परिवहन सहित अन्य विभागों में स्थानांतरण पर रोक लगाने के आदेश पर विपक्ष और कर्मचारी संगठनों ने सरकार को घेरा है। कर्मचारी संगठनों ने कहा कि युक्तियुक्तकरण में भर्राशाही की जा रही थी, जिसके कारण इस आदेश के विरूद्ध हाईकोर्ट में स्टे मिल गया है। जिससे इस नीति पर प्रश्नचिन्ह लगते जा रहा है। शिक्षा संघ के साझा संगठन के द्वारा पिछले कई दिनों से युक्ति युक्तकरण के विरूद्ध धरना एवं प्रदर्शन किया जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह राजपूत ने बताया कि तृतीय शिक्षक संघ द्वारा



युक्तियुक्तकरण के भर्राशाही के विरूद्ध अनेक याचिकाएं हाईकोर्ट में लगाई गई है। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने एक याचिकाकर्ता को 10 दिन के लिए राहत दी है। महासमुंद जिले के एक शिक्षिका कल्याणी ने युक्तियुक्तकरण को लेकर अधिवक्ता अवध त्रिपाठी के माध्यम से एक याचिका दायर की थी। सरकार द्वारा त्रुटिपूर्ण घटना के कारण उनका नाम सूची में डाल दिया गया। शासन की ओर से सुधार किया गया कि दर्ज संख्या में त्रुटि है। शासकीय कर्मचारी अधिकारी संगठन के कमल वर्मा ने कहा कि युक्तियुक्तकरण को लेकर भर्राशाही चल रही थी। जिसके कारण सरकार को अपना आदेश वापस लेना पड़ा। प्रदेश के कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने भी सरकार पर अनेक गंभीर आरोप लगाए हैं।

### सरकार साढ़े तीन लाख कर्मचारी-अधिकारियों के साथ कर रही भेदभाव

कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता ने स्थानांतरण नीति में कर्मचारी के साथ भेदभाव बरतने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, पुलिस, खजिन, वाणिज्य पंजीयन, परिवहन के साढ़े तीन लाख कर्मचारियों को बाहर कर दिया गया है। सरकार अधिकारी-कर्मचारियों के साथ भेदभाव कर रही है। सरकार द्वारा सामान्य प्रशासन विभाग से द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि प्रदेश में 14 जून से स्थानांतरण शुरू होगा, जो कि 25 जून तक चलेगा। इसमें विभागीय मंत्रियों की अनुशंसा आवश्यक है। जिले के अंदर स्थानांतरण कलेक्टर द्वारा किया जाएगा। वहीं अंतर जिला स्थानांतरण विभागीय सचिव की अनुशंसा पर किया जाएगा।

### ईद-उल-जुहा पर मस्जिदों में होगी विशेष नमाज

**रायपुर, 06 जून।** राजधानी में बकरीद (ईद-उल-जुहा ) के अवसर पर शहर के विभिन्न मस्जिदों एवं दरगाहों में विशेष नमाज अदा की जाएगी। छोटापारा स्थित शिरत मैदान में बकरों का बाजार लगा हुआ है। जिनकी कीमत 10 हजार से एक लाख तक है। इस समय कुर्बानी का बकरा लेने के लिए लोगों में होड़ मची हुई है। नगर निगम प्रशासन ने इस अवसर पर मस्जिदों एवं सीरत मैदान में विशेष साफ-सफाई के निर्देश दिए हैं। कुर्बानी के इस अवसर पर प्रत्येक घरों में पहले से ही बकरे खरीद लिए गए हैं। नगर निगम द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप ने ईद-उल-जुहा (बकरीद ) के अवसर पर 7 जून 2025 शनिवार को रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र के अंतर्गत शहर में स्थित विभिन्न प्रमुख मस्जिदों ईदगाहभाठा, मौदहापारा, छोटापारा, पंडरी, ईरानी डेरा एवं अन्य प्रमुख मस्जिदों के आसपास क्षेत्रों की बस्तियों, मोहल्लों सहित सीरत मैदान शास्त्री बाजार के सामने विशेष सफाई अभियान चलाया गया।

## पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने पर जोर दिया

# सीएम साय ने एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत की



**रायपुर, 06 जून।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कांकेर जिले के संबलपुर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का शुभारंभ किया. उन्होंने हाई स्कूल मैदान परिसर में बादाम का पौधा लगाकर इस महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत की, जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को एक व्यापक जनआंदोलन में बदलना है.

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ कांकेर सांसद भोजराज नाग, अंतागढ़ विधायक विक्रमदेव उसेंडी, विधायक आशाराम नेताम सहित कई जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने भी बड़े उत्साह के साथ वृक्षारोपण किया. मुख्यमंत्री साय ने इस अभियान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' केवल पेड़ लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह माता के प्रति सम्मान, प्रकृति के प्रति आभार और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित भविष्य की कल्पना को दर्शाता है. उन्होंने जोर दिया कि जब हम अपनी मां के नाम पर पेड़ लगाते हैं, तो हमारा उससे एक गहरा भावनात्मक जुड़ाव होता है, जिससे हम उसकी देखभाल भी पूरी लगन से करते हैं. उन्होंने प्रदेशवासियों से इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने और अपनी माता या आराध्य देवी-देवता के नाम पर कम से कम एक पेड़ लगाने की अपील की. मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि यह पहल छत्तीसगढ़ को एक हरा-भरा प्रदेश बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी.

## छत्तीसगढ़ में तीरंदाजी को मिलेगा नया आयाम

# नवा रायपुर में राष्ट्रीय अकादमी की स्थापना को मिली मंजूरी



**रायपुर, 06 जून।** छत्तीसगढ़ के खेल परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण अध्याय जुड़ गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में 4 जून को हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में नवा रायपुर अटल नगर में राष्ट्रीय तीरंदाजी अकादमी की स्थापना को हरी झंडी दे दी गई है। यह अकादमी राज्य के युवाओं को तीरंदाजी के क्षेत्र में विश्वस्तरीय प्रशिक्षण और सुविधाएं प्रदान करेगी, जिससे वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। यह अत्याधुनिक अकादमी देश की चुनिंदा खेल संस्थाओं में से एक होगी, जिसमें खिलाड़ियों के लिए आधुनिक प्रशिक्षण केंद्र और आवासीय सुविधाएं उपलब्ध होंगी। अकादमी के लिए नवा रायपुर के सेक्टर-03, ग्राम परसदा में 13.47 एकड़ भूमि निःशुल्क आवंटित की गई है। इस भूमि के प्रीमियम, भू-भाटक और जीएसटी सहित कुल 39.22 करोड़ रुपये की प्रतिपूर्ति राज्य शासन द्वारा नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण को की जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस निर्णय को दूरगामी बताते हुए कहा, यह सिर्फ एक संस्थान की शुरुआत नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए स्वर्णिम भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगा।

## सरस्वती शिक्षा संस्थान के मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान

# राज्यपाल डेका से मेधावी विद्यार्थियों ने की मुलाकात

- पांच-पांच हजार रुपये प्रोत्साहन राशि दी

रायपुर, 06 जून। राज्यपाल रमेन डेका से आज यहां राजभवन में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा इस वर्ष आयोजित 10वीं बोर्ड परीक्षा में सर्वो'च अंक लेकर प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले सरस्वती शिक्षा संस्थान के विद्यार्थियों ने मुलाकात की। डेका ने सभी विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। साथ ही पांच-पांच हजार रूपये की अनुदान राशि प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान की।



इस अवसर पर डेका ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनका उत्साह वर्धन किया और कहा कि ब'चों के सामने बेहतर भविष्य है। वे अ'छे से अध्ययन करें और देश की सेवा करें।

आज के दौर में बहुत प्रतिस्पर्धा है। इसलिए हर क्षेत्र में विकल्प रखना चाहिए। कैरियर के लिए बहुत संभावनाएं हैं। जो भी करें उसे उत्तम करने का प्रयास करें। डेका ने कहा कि पालक और ब'चों के बीच में अ'छा संबंध होने चाहिए। अपने माता-पिता एवं परिवारजनों के साथ आनंद पूर्वक रहें। कार्यक्रम में डेका ने प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले कक्षा 10वीं के प्रवीण प्रजापति चन्द्रपुर, कु. कोमल यादव चन्द्रपुर, शुभम देवांगन चन्द्रपुर, जयेन्द्र जायसवाल पाण्डातराई, गगन सिंह लोरमी, आदित्य प्रताप सिंह सेक्टर 04 भिलाई को सम्मानित किया। कार्यक्रम में रा'यपाल के सचिव डॉ. सी. आर. प्रसन्ना, सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ के पदाधिकारी एवं संबंधित शालाओं के प्राचार्य उपस्थित थे।

### कबीर जयंती पर 11 जून को मांस-मटन का विक्रय प्रतिबंधित

**रायपुर, 06 जून।** नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर के निर्देश पर सम्पूर्ण नगर पालिक निगम रायपुर के परिक्षेत्र में कबीर जयन्ती दिनांक 11 जून 2025 को मांस-मटन का विक्रय पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। इस सम्बन्ध में छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेश के परिपालन में रायपुर नगर पालिक निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर तृप्ति पाणीग्रही ने कबीर जयन्ती 11 जून 2025 को रायपुर नगर पालिक निगम के सम्पूर्ण परिक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं समस्त मांस - मटन विक्रय की दुकानों को बंद रखे जाने का आदेश जारी किया है।

## समाचार संक्षेप



### पंचायत का सीजन-4 का नया पोस्ट रिलीज

**रायपुर, 6 जून।** पंचायत का सीजन- 4 को लेकर दर्शकों के बीच अभी से ही एक्साइटमेंट नजर आ रहा है, इस बीच एक और नया पोस्ट सामने आया है जिसने फैंस को सस्पेंस में डाल दिया है। इस पोस्ट से मालूम पड़ रहा है कि मेकर्स रिलीज डेट से पहले ही पंचायत को ओटीटी पर उतारने पर सोच-विचार कर रहे हैं और उन्होंने इसका फैसला तो जनता के हाथों में सौंप दिया है। पंचायत अब तक की सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली वेब सीरीज में से एक है। हल्की-फुल्की देसी कॉमेडी के साथ बनी पंचायत ने दर्शकों को एंटरटेन करने में 100 फीसदी सफलता हासिल की है। अब तक इस सीरीज के 3 सीजन आ चुके हैं जो सफल रहे। अब बारी है चौथे सीजन की जिसकी अनाउंसमेंट कुछ समय पहले ही की गई थी। अब बस चंद महीने में इसकी स्ट्रीमिंग होनी थी, लेकिन उससे पहले ही मेकर्स ने एक नया ट्विस्ट ला दिया है। पंचायत सीजन 4 इसी साल 2 जुलाई से ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने वाली है। मेकर्स ने कुछ समय पहले ही एक टीजर के साथ इसकी अनाउंसमेंट की थी। अब एक नए पोस्ट के साथ मेकर्स ने नया दांव खेल लिया है। मेकर्स ने पोस्ट किया है कि अगर पंचायत जल्दी आ गया तो मैं इस पर लोग कई मजेदार रिएक्शन दे रहे हैं.

### अक्षय कुमार स्टारर 'हाउसफुल-5' आज सिनेमाघरों में रिलीज



रायपुर, 6 जून। अक्षय कुमार स्टारर 'हाउसफुल 5' आज सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। ये बॉलीवुड की पहली दो क्लाइमेक्स वाली फिल्म है, जो एक साथ रिलीज हो रही है। अलग-अलग क्लाइमेक्स के चलते फिल्म को 'हाउसफुल 5 ए' और 'हाउसफुल 5 बी' दो भागों में बांटा गया है। 15 साल पहले शुरु हुई निर्माता साजिद नाडियाडवाला की फिल्म फ्रेंचाइजी 'हाउसफुल' अब अपनी पांचवीं कड़ी तक आ पहुंची है। पहली फिल्म की कहानी भी उनकी ही लिखी हुई थी और अब फ्रेंचाइजी की पांचवी फिल्म 'हाउसफुल 5' भी उन्हीं की सोची हुई कहानी पर आधारित है। अक्षय कुमार की आखिरी स्पष्ट हिट फिल्म दो साल पहले रिलीज हुई 'ओएमजी 2' रही है। इसके बाद से वह चार बड़ी फ्लॉप फिल्में 'मिशन रानीगंज', 'बड़े मियां छोटे मियां', 'सरफिरा' और 'खेल खेल में' दे चुके हैं। इस साल रिलीज उनकी दोनों फिल्में 'स्काई फोर्स' और 'केसरी 2' को लोग देखने तो आए लेकिन जैसी कामयाबी की उम्मीद इनके निर्माताओं की रही होगी, वैसी कमाई इन दोनों फिल्मों ने नहीं की। अब बारी 'हाउसफुल 5' की है।

### अड्डेबाजी करने वालों की जांच के दौरान धारदार चाकू के साथ तीन आरोपी पकड़ाये

**रायपुर, 06 जून।** राजधानी की खमतराई पुलिस द्वारा अड्डेबाजो की जा रही है सघन जांच के दौरान बुधवार को तीन आरोपियों को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। मामले में आरोपियों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 04.06.2025 को थाना खमतराई पुलिस टीम द्वारा अड्डेबाजो की चेकिंग कार्यवाही किया जा रही थी इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि खमतराई ओवर ब्रिज के पास एक व्यक्ति हाथ में धारदार चाकू लेकर आम लोगों को डरा धमका रहा है कि तत्काल खमतराई पुलिस टीम द्वारा खमतराई ओवर ब्रिज के पास पहुंचकर आरोपी सुरेश साहू पिता डुडकेश्वर साहू उम्र 23 साल निवासी दलदल सिवनी पानी टंकी के पास थाना पंडरी जिला रायपुर के कब्जे से एक धारदार चाकू जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार खमतराई बाजार के पास में एक व्यक्ति हाथ में धारदार चाकू लेकर आम लोगों को भयभीत कर रहा है कि सूचना पर तत्काल खमतराई पुलिस टीम द्वारा खमतराई बाजार के पास पहुंचकर आरोपी युवराज सिंह पिता उदय कुमार सिंह 19 साल सा0 न्यू राजेन्द्र नगर वार्ड 01 उरला रायपुर जिला रायपुर के कब्जे से एक धारदार चाकू जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। वहीं एक और मामले में श्रीनगर ओवर ब्रिज के नीचे में एक व्यक्ति हाथ में धारदार चाकू लेकर आम लोगों को भयभीत कर रहा है कि सूचना पर खमतराई पुलिस टीम द्वारा श्रीनगर ओवर ब्रिज के नीचे पहुंचकर आरोपी डगेश धीवर पिता संजय धीवर 19 साल निवासी पानी टंकी के पास गोगांव थाना गूढ़यारी रायपुर जिला रायपुर के कब्जे से एक धारदार चाकू जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

### युक्तियुक्तकरण शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए किया जा रहा है: गौरव सिंह

**रायपुर, 06 जून।** छग में राज्य शासन द्वारा शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किये जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त निर्णय से शिक्षा के स्तर में सुधार होगा। जिले की ऐसी पाठशालाएं जहां पर शिक्षकों की कमी है वहां पर अतिशेष शिक्षकों को स्थानांतरित किया जाएगा। युक्तियुक्तकरण से जिला सहित राज्य के किसी भी शिक्षक का किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं होगा। उक्त जानकारी कलेक्टोरेट स्थित रेड क्रास के सभाकक्ष में कलेक्टर गौरव सिंह ने दी। कलेक्टर ने प्रेसवार्ता में बताया कि जिन स्कूलों में शिक्षक नहीं है वहां पर भी अतिशेष शिक्षकों की पदस्थापना की जाएगी। दस विद्यार्थियों पर एक किमी पर एक शिक्षक नियुक्त किया जाएगा। साठ विद्यार्थियों पर दो शिक्षक नियुक्त होंगे। जिले में दो रायपुर में एवं एक अभनपुर में शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किया गया है। विद्यार्थियों में शिक्षा के स्तर में गुणात्मक सुधार के लिए यह निर्णय लिया गया है। यह पूछे जाने पर की युक्तिकरण के लिए हो रही काउंसिलिंग में राज्य के अधिकांश शिक्षकों द्वारा विरोध किया जा रहा है उन्हें भविष्य में अपनी पदोन्नति को लेकर चिंता है। कलेक्टर गौरव सिंह का जवाब था कि हर स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों को भी शिक्षकों को आने वाली समस्याओं के निराकरण के लिए त्वरित निर्णय लेने के लिए निर्देशित किया गया है।

### छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने 2 ब्लॉक अध्यक्षों पर लिया एक्शन

**रायपुर, 6 जून।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने डोंगरगांव ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष चेतन दास साहू और और कवर्धा के सहसपुर लोहारा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामचरण पटेल को 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। यह आदेश पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर पार्टी प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू ने जारी किया है। सबसे पहले, डोंगरगांव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चेतन दास को पार्टी की ओर से कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। जिसका जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने के कारण अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई। चेतन दास को प्राथमिक सदस्यता से 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया गया। दरअसल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष चेतन दास साहू ने पिछले दिनों एक बैठक रखी थी। जिसमें कांग्रेस जिलाध्यक्ष भागवत साहू के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। वहीं, जिला पंचायत सदस्य विभा साहू और महेंद्र यादव को संगठन से निष्कासित करने का फैसला लिया गया।

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26